CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :22°C

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 5 जून 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 137 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


दिल्ली में होटल अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी पेज 2


सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में श्रेयस अय्यर, ईशान किशन व तिलक वर्मा खेल टाइम्स


प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय सम्पादकीय


भारत और वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे पेज 12

# ईरान युद्ध से ट्रम्प को रोकने वाला युद्ध शक्ति प्रस्ताव मंजूर

**वाशिंगटन, वार्ता**



■ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वॉर पावर्स रेजोल्यूशन ( युद्ध शक्ति प्रस्ताव ) 215-208 मतों से पारित

**रिपब्लिकन के नेतृत्व** वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान में आगे कोई भी सैन्य कार्रवाई करने से रोकने के लिए एक प्रस्ताव वॉर पावर्स रेजोल्यूशन (युद्ध शक्ति प्रस्ताव) को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव 215-208 मतों से पारित हुआ है। यह प्रस्ताव तब सफल हुआ जब चार रिपब्लिकन सदस्यों ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस युद्ध के प्रति अपनी असहमति जताई।

यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। यह प्रस्ताव ट्रम्प को ईरान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के निर्देश देता है, जब तक कि कांग्रेस युद्ध की घोषणा न कर दे या सैन्य बल के इस्तेमाल को अधिकृत न कर दे। सदन के जिन चार रिपब्लिकन सदस्यों ने युद्ध शक्तियों वाले प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, उनमें मिशिगन के प्रतिनिधि टॉम बैरेट, ओहियो के वॉरेन डेविडसन, पेंसिल्वेनिया के ब्रायन फिट्जपैट्रिक और केंटकी के थॉमस मैसी शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रम्प बिना किसी साफ रणनीति के देश को एक लंबे संघर्ष में घसीट सकते हैं। साथ ही उन्होंने 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों की शुरुआत के बाद से गैसोलीन, खाने-पीने की चीजों और दूसरे उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। इस प्रस्ताव का पारित होना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्हाइट हाउस पर ईरान युद्ध को समाप्त करने का दबाव बढ़ाता है, क्योंकि पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं और युद्ध के प्रति जनता का विरोध भी बढ़ गया है। श्री ट्रम्प की युद्ध संबंधी शक्तियों पर लगाम लगाने का सदन का यह चौथा प्रयास था। सीनेट ने मई में इसी तरह का एक प्रस्ताव आगे बढ़ाया था, लेकिन अभी तक उस पर पूरी तरह से मतदान नहीं हुआ है। कांग्रेस में ट्रम्प के लिए यह एक और झटका था, भले ही सदन और सीनेट दोनों में उनकी पार्टी के पास मामूली बहुमत है। यह वोट इस प्रस्ताव को अपनाने के लिए था, जिसके तहत ट्रम्प को अमरीकी सेना को वापस बुलाना होगा या इस संघर्ष के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। व्हाइट हाउस ने इस प्रस्ताव की अहमियत को खारिज करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का एक असंवैधानिक प्रयास है।

# मानसून ने केरल में दी दस्तक

## तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

**चेन्नई, वार्ता**

**दक्षिण-पश्चिम** मानसून ने गुरुवार को केरल में दस्तक दी, केरल के कई हिस्सों में पिछली रात से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। जिससे पश्चिमी घाट व तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भारी बारिश होने तथा भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के शेष हिस्सों, मध्य-पश्चिम और मध्य- पूर्व अरब सागर के कुछ हिस्सों, पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह, केरल और माहे में आगे बढ़ गया है। इसके साथ ही मानसून गुरुवार को कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम, मध्य- पश्चिम, मध्य-पूर्व एवं उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी आगे बढ़ चुका है। अगले दो-तीन दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, पूरे गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, मध्य-पश्चिम, मध्य-पूर्व और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां बिल्कुल अनुकूल हैं।

## दिल्ली में आंधी व तेज बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में गुरुवार दोपहर को हुई बारिश से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में दिन में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गुरुवार दोपहर 2:30 बजे तक मयूर विहार स्टेशन पर सबसे अधिक 23 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 'मध्यम बारिश' की श्रेणी में आती है। आयानगर, पुष्प विहार, पालम और प्रगति मैदान में भी हल्की बारिश दर्ज की गई, जहां सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच क्रमश: 14.2, 10.5, 5.8 मिमी और 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शाम तक मध्य दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, शाहदरा, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सहित दिल्ली के सभी जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है।

### दिल्ली होटल आग: मालिक चार दिन की पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा।

### मालवीय नगर हादसा मृतक आश्रितों को 10-10 लाख मदद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर भीषण अग्निकांड के बाद साकेत स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए: सुप्रीम कोर्ट

## बड़ी डिग्री छुपाकर नौकरी हासिल करना गलत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कहा: यह असली हकदार से रोजगार छीनने जैसा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है।

इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वत: अधिकार नहीं मिल जाता।

## WFI को लगा सुप्रीम झटका



डब्ल्यूएफआई के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका अब बेमानी हो गई है, क्योंकि विनेश फोगाट ने आखिरकार 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चयन ट्रायल में हिस्सा ले लिया था। पीठ ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से इन्कार करते हुए साफ किया कि विशेष अनुमति याचिका ) के निपटारे को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन निष्कर्षों का समर्थन नहीं माना जाना चाहिए।

### चीन से हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल हर्बीसाइड के आयात पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कृषि रसायनों और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में नियामकीय मानकों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए दिल्ली स्थित कंपनी सीसीपीएल को हर्बीसाइड हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल के आयात और निर्माण के लिए दिया गया पंजीकरण रद्द कर दिया है।

## मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था हुई बर्बाद: राहुल गांधी

■ कहा: नीट छात्रा आकांक्षा की मौत इसी विफलता का परिणाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा गड़बड़ी के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है।

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई।

### सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा: सीजेपी

**नई दिल्ली।** काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# पीएम मोदी से मिलीं सिटी बैंक की अध्यक्ष व सीईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पीएम से जेन फ्रेजर ने भारत के विकास की प्राथमिकताओं व सहयोग के अवसरों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के प्रसिद्ध बैंकिंग संस्थान सिटी बैंक के संचालक मंडल की प्रमुख और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जेन फ्रेजर ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत के आर्थिक विकास में सहयोग देने की अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

सिटी अगले वर्ष भारत में अपने परिचालन के 125 साल पूरे करने जा रहा है। सिटी बैंक की ओर से गुरुवार को हुई इस मुलाकात पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के साथ सिटी की सीईओ की बुधवार को हुई बातचीत में देश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने, विदेशों में भारतीय कंपनियों को बढ़ावा देने और वैकल्पिक ऊर्जा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में अवसरों की तलाश करने जैसे विषय शामिल थे।




CMYK

**संक्षिप्त समाचार**

### यूपी में तीन दिन बारिश-आंधी के आसार, लौटेगी लू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चार से छह जून के बीच प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा गुरुवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 4, 5 और 6 जून को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। हालांकि 7 जून से मौसम फिर शुष्क होने लगेगा और 10 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है। विभाग ने चार जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की चेता. वनी जारी की है।

### शिक्षा क्षेत्र में पंजाब बना देश में नंबर वन: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान सरकार की तारीफ करते हुए कहा है कि महज चार साल में ही शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को नंबर वन बना दिया। केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा में कभी 27वें स्थान पर रहा पंजाब आज पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह सर्वे केंद्र सरकार के नीति आयोग का है, जिसके अनुसार, पंजाब ने केरल को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली में शिक्षा क्रांति के बाद अब पंजाब के सरकारी स्कूलों में भी ऐतिहा. सिक बदलाव हो रहा है।

## अर्थव्यवस्था की स्थिति से घबराई मोदी सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त निवेश, कमजोर मांग और निजी क्षेत्र की निवेश में घटती रुचि जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है और सरकार इन समस्याओं के समाधान के ठोस उपाय करने की बजाय विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि यह कदम अर्थव्यवस्था की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता इसलिए सरकार को आर्थिक स्थिति को लेकर घबराहट में कदम उठाने के बजाय ठोस उपाय करने की दिशा में पहल कर दीर्घकालिक उपाय करने चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक समाच.



**एफपीआई को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन अध्यादेश लाने की तैयारी जारी: कांग्रेस**

ार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगने वाले 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स) को समाप्त करने के लिए सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की योजना बना रही है। यह कर दर जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि वास्तविक समस्या यह है कि देश में निजी कॉरपोरेट निवेश बेहद कमजोर बना हुआ है। जिन कंपनियों को भारत में निवेश करना चाहिए, वे या तो विदेशों में निवेश कर रही हैं अथवा घरेलू निवेश को टाल रही हैं। उनका दावा है कि कॉरपोरेट मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर होने के बावजूद जीडीपी में निजी कॉरपोरेट निवेश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट आई है। रमेश ने कहा कि अध्यादेश जैसे तात्कालिक कदम केवल सुर्खियां बटोर सकते हैं, लेकिन निजी निवेश में गिरावट के संरचनात्मक कारणों का समाधान नहीं कर सकते। वास्तविक मजदूरी में ठहराव, आय एवं संपत्ति की बढ़ती असमानता, आर्थिक शक्ति के बढ़ते केंद्रीकरण तथा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग से बने भय के माहौल को उन्होंने इसके प्रमुख कारण बताया।

## पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण और रोजगार से जोड़ें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उप्र केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान और सेवा क्षेत्र को व्यापक अवसर मिलेंगे। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े 'ज्ञान भारत मिशन' की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां भारत की सभ्यता, दर्शन और वैज्ञानिक परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और डिजिटलीकरण से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़



**उप्र भारत की सांस्कृतिक चेतना आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश: मुख्यमंत्री**

सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 13.70 लाख से अधिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जा चुका है। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेश और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट विकसित करने के साथ-साथ 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन और वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को प्रोत्साहित करने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव-लोकार्पित नौसेना शौर्य वाटिका और निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव की भावना को मजबूत करेंगी। वहीं आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय में उनके जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा प्रवास और सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। नैमिषारण्य के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे वैदिक ज्ञान, योग, आयुर्वेद और वेलनेस का वैश्विक केंद्र बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। मास्टर प्लान के तहत वेद विज्ञान केंद्र, वैदिक थीम पार्क, रिवरफ्रंट, तीर्थयात्री आवास और इंटरप्रिटेशन सेंटर विकसित किए जाएंगे। मिर्जापुर-विध्याचल क्षेत्र के लिए तैयार हो रहे मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने त्रिकोण परिक्रमा क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शक्तिपीठों के निकट माता सती की पौराणिक कथा का आकर्षक और प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जाए।

### प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई

# दिल्ली में अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/वाराणसी।** दिल्ली में हुए भीषण अग्निकांड के बाद उप्र सरकार ने प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच और सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश की सभी हाईराइज इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी और निजी कार्यालयों, होटल, मॉल तथा अन्य सार्वजनिक भवनों की सघन जांच कराई जाए। जहां भी अग्निशमन मानकों में कमी पाई जाए, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



**मुख्यमंत्री ने पुलिस, अग्निशमन विभाग अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच के निर्देश दिए**

मुख्यमंत्री योगी ने विशेष रूप से सभी होटलों की विस्तृत जांच कराने और उनकी फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अग्निकांड जैसी घटनाओं की पुन. रावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरणों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की कार्यशीलता की भी जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे। अधिकारियों का कहना है कि समय रहते सुरक्षा उपायों को मजबूत कर जनहानि और संपत्ति के नुकसान की संभावनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में फायर सेफ्टी को लेकर विशेष अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। वहीं दिल्ली के एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद वाराणसी में गुरुवार को अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के होटलों, लॉजों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कैंटोनमेंट क्षेत्र और रेलवे स्टेशन के सामने स्थित परेड कोठी इलाके के कई बड़े व छोटे होटलों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन सभी प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है।

### लापरवाही बन सकती है हादसे का सबब

थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए होटल संचालकों को चाहिए कि वे अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से अग्निशमन और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने होटल प्रबंधन व कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही बेसमेंट व अन्य स्थानों पर जमा ज्वलनशील कूड़ा-कचरा और कबाड़ को तुरंत हटाने के निर्देश दिए, ताकि आग लगने की स्थिति में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

## यूपी पुलिस में 206 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा बदलाव करते हुए प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 206 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी गई है।

तबादला सूची में लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, झांसी, बरेली और नोएडा सहित प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जिलों एवं पुलिस कमिश्नरेटों के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई अधिकारियों को जिला पुलिस से कमिश्नरेट प्रणाली में स्थानांतरित किया गया है, जबकि कुछ अधिकारियों को पीएसी, सीआईडी, रेलवे पुलिस

**डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी**

और अन्य विशेष सुरक्षा इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सरकार के आदेश के अनुसार विभिन्न जनपदों में तैनात क्षेत्रधिक. ारियों (सीओ) और पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी व्यापक बदलाव किया गया है। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के साथ संवेदनशील और महत्वपूर्ण तैनाती दी गई है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74360.01 | सोना | 156000 प्रति 10 ग्राम |
| निफ्टी | 23416.55 | चांदी | 259000 प्रति किलो |

## शेयर बाजारों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लिवाली लौट आई, हालांकि आईटी कंपनियों के दबाव में प्रमुख सूचकांक दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद हल्की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 13.84 अंक (0.02 प्रतिशत) की तेजी में 74,360.01 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी. 50 सूचकांक भी 10.95 अंक यानी 0,05 प्रतिशत ऊपर 23,416.55 अंक पर पहुंच गया। प्रमुख सूचक. ांकों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। दिनभर ए कभी लाल तो कभी हरे निशान में रहे। इस दौरान सेंसेक्स नीचे 73,807.30 अंक तक और ऊपर 74,544.24 अंक तक गया। वृहत बाजार में शुरू से ही अच्छी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत टूट गया। धातु, आईटी और रसायन सेक्टरों की कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। बैंकिंग, वित्त, फार्मा, स्वास्थ्य, ऑटो और एफएमसीजी समूहों में भी तेजी देखी गई। एनएसई में



जिन 3,396 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,815 के शेयर बढ़त में रहे और 1,471 के फिसल गए। अन्य 110 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 2.91 प्रतिशत, आईटीसी का 1.21 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 0.95 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 1.76 फीसदी टूट गया। बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.96 प्रतिशत की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, सन फार्मा, एलएंडटी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### सोना 545 बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 2,432 गिरकर 2.59 लाख पर आई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 4 जून को बढ़त है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 545 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये हो गया है। हालांकि चांदी के दाम में आज गिरावट है। 1 किलो चांदी की कीमत 2,432 रुपये कम होकर 2.59 लाख रुपये पर आ गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 23 हजार रुपये और चांदी 29 हजार रुपये महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10ह सोना 1.33 लाख रुपये पर था, जो अब 1.56 लाख रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपये किलो थी, जो अब 2. 59 लाख रुपये पर पहुंच गई है।

## गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव लगभग स्थिर रहा। चावल के साथ चीनी की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। गेहूं में तेजी देखी गई, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 10 रुपये और मूंग दाल पांच रुपये महंगी हो गई। चना



दाल और तुअर दाल के भाव में टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 75 रिंगिट गिरकर 4,602 रिंगिट प्रति टन बोला गया। जुलाई का अमे. रिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट में 78.43 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल नौ रुपये और सरसों तेल आठ रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल 18 रुपये और वनस्पति सात रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल में चार रुपये प्रति क्विंटल का टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7723.67 रुपये, मसूर काली 8121.59 रुपये, मूंग दाल 10168.63 रुपये, उड़द दाल 10846.19 रुपये, तुअर दाल 11268.79 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: गेहूं दड़ा 2784.68 रुपये और चावल 3857.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3259.77 रुपये प्रति क्विंटल रहा।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## महिलाओं, बच्चों के पोषण में विफल सरकार छिपा रही है आंकड़े: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश में प्रत्येक पांच में से एक बच्चा तीव्र कुपोषण का शिकार है। एक-तिहाई बच्चे कम वजन के हैं, छह से 23 माह आयु वर्ग के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपा रही है। उन्होंने कहा कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने



भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता को बेनकाब कर दिया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार चुनिंदा आंकड़ों को दबाने, कमजोर वर्गों की उपेक्षा करने, प्रचार के माध्यम से सकारात्मक छवि पेश करने, वास्तविक स्थिति से ध्यान भटकाने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बचाने की रणनीति अपनाते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह होना चाहिए और सभी आंकड़े सार्वजनिक कर वास्तविक स्थिति सामने रखनी चाहिए।

### अर्थव्यवस्था पर दहशत फैला रहे हैं राहुल: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आर्थिक संकट को लेकर दी गई चेतावनी के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता पर अर्थव्यवस्था के संबंध में 'दहशत' फैलाने का आरोप लगाया। पूनावाला ने गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ष्एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ प्रोपेगैंडा' (प्रचार का नेता) है, न कि 'लीडर ऑफ अपोजिशन' (विपक्ष का नेता)। वह अर्थव्यवस्था और लो. कतांत्रिक संस्थाओं के बारे में उन दावों के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे, जो बेबुनियाद हैं। पूनावाला ने आपातकाल जैसी स्थिति की संभावना पर गांधी की टिप्पणियों का जक्रि करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास खुद आपातकाल से जुड़ा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर दूसरों को उपदेश देने की उनकी विश्वसनीयता बहुत कम है।

## एक पेड़ मां के नाम: पर्यावरण दिवस पर यूपी में पांच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

**विश्व पर्यावरण दिवस पर कुकरैल में होगा वृहद पौधरोपण, मुख्यमंत्री योगी करेंगे शुभारंभ**

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं।

पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

### मंडल वार पौधारोपण का लक्ष्य किया निर्धारित

**लखनऊ।** सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सभी मंडलों का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित कर दिया है जिसके तहत मंडल के प्रत्येक जनपद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लखनऊ मंडल में 62 लाख, बरेली में 32.21 लाख व प्रयागराज में लगेंगे 32.17 लाख पौधे लगेंगे। मेरठ मण्डल में 19,06,000, सहारनपुर मण्डल में 14,86,000, आगरामण्डल में 24,67,000, अलीगढ़ मण्डल में 18,97,000 मुरादाबाद मण्डल में 27,60,000, बरेली मण्डल में 32,21,000, प्रयागराज मण्डल में 32,17,000, वाराणसी मण्डल में 24,83,000, मीरजापुर मण्डल में 28,63,000, गोरखपुर मण्डल में 24,75,000, बस्ती मण्डल में 16,01,000, आजमगढ़ मण्डल में 18,93,000, लखनऊ मण्डल में 62,77,000, अयोध्या मण्डल में 30,41,000, देवीपाटन मण्डल में 29,34,000, कानपुर मण्डल में 31,83,000 झांसी मण्डल में 31,67,000, चित्रकूट मण्डल में 31,29,000 लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ-साथ विभागों को ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग- 3 करोड़ कृषि विभाग- 75 लाख वन विभाग- 50 लाख उद्यान विभाग- 50 लाख पंचायती राज विभाग- 20 लाख नगर विकास- 5 लाख लक्ष्य है, जबकि कुल 5 करोड़ पौधे इस अभियान के अंतर्गत लगाए जाएंगे।

### ईंधन अधिभार वसूली को लेकर पावर कॉरपोरेशन कर रहा नियमों का उल्लंघन

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पर विद्युत नियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने इस संबंध में उप्र विद्युत नियामक आयोग में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 142 और 146 के तहत अवमानना एवं विधिक कार्रवाई का प्रस्ताव दायर किया है। परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) की प्रस्तावित वसूली को नियमों के विपरीत करार दिए जाने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन ने कथित रूप से बिलिग सॉफ्टवेयर में बदलाव कर उपभोक्ताओं से यह राशि वसूलनी शुरू कर दी है।

# गंगनहर में कूदे किशोर का शव तीन दिन बाद बरामद

**■ मामा के घर पहुंचे अलीशान ने क्यो चुनी मौत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बीते सोमवार गांव बेलड़ा में गंग नहर पुल से नहर में कूदकर खुदकुशी करने वाले किशोर का शव तीन दिन बाद जौली के पास से बरामद हुआ है। परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को ले गए।गमगीन माहौल में उसे सुपर्द खाक किया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ी निवासी 16 वर्षीय



अलीशान बीते 1 जून को घर पर बिना बताए बाइक द्वारा निकटवर्ती गांव गांव बेलड़ा में अपने मामा के घर पहुंचा था। जहां उसने पुल से नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी।तभी से किशोर के शव की नहर में तलाश जारी थी।

परिजन व ग्रामीण विभिन्न स्थानों पर चौबीस घण्टे नहर किनारे डेरा डाले हुए थे। की बुधवार की देर रात किशोर का शव जौली के पास नहर में बहता मिला परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को ले गए जहां गमगीन माहौल में आलीशान के शव को सुपर्द खाक कर दिया।अलीशान द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

अलीशान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।अलीशान के पिता शौकीन माता गुलफाना, भाई आमिर व सादिक़ का रोरोकर बुरा हाल है। मृतक एल्युमिनियम फेब्रिकेटर मिस्त्री था।

# चार क्षेत्राधिकारियों का गैर जनपद हुआ तबादला

**■ डीजीपी मुख्यालय से हुए भारी भरकम स्थानांतरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन को अधिक प्रभावी और गतिशील बनाने को लेकर डीजीपी मुख्यालय से डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के तबादले किए जा रहे है। इसी के चलते मुख्यालय से 206 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए है। जनपद मुजफ्फरनगर के कई डिप्टी एसपी के भी तबादले कर दिएगए है या यूं कहा जाए कि जनपद मुजफ्फरनगर भी तबादले से अछुता नहीं रहा और चार सीओ के तबादले गैर जनपद के लिए कर दिए गए है। देर रात डीजीपी की ओर से जारी आदेश में सीओ भोपा देवव्रत वाजपेयी और सीओ सदर डॉ. रवि शंकर मिश्रा, सीओ ट्रेफिक व क्राइम रविन्द्र प्रताप सिंह तथा सीओ फुगाना यतेन्द्र सिंह नागर का तबादला हो गया है। इनमें रविन्द्र प्रताप सिंह प्रतापगढ़, यतेन्द्र सिंह नागर कमिश्नरेट आगरा में एसीपी, देवव्रत वाजपेयी को डीएसपी शाहजहांपुर और डा. रवि शंकर को कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में एसीपी बनाया गया है। नागर व वाजपेयी करीब चार वर्ष और एक वर्ष से यहां तैनात थे।

# रॉकी कांड: महिला व पुत्र पहुंचे जेल, सिर की भी तलाश जारी

## तीन लोगों के जेल जाने के बाद भी बरामद नहीं हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा/जानसठ।** पुलिस अब तक इस मामले में मुठभेड़ के बाद दो लोगों से अधिक जेल भेज चुकी है और गुरूवार को इस कांड में शामिल महिला रेणू को भी जेल भेज दिया गया। कुल मिलाकर अब तक पुलिस तीन ऐसे लोगों को जेल में डाल चुकी है जिन्होने रॉकी की खौफनाक मौत की योजना बनाई और बेरहमी से उसको मार डाला। गोली मारने के बाद भी कातिलों का दिल नहीं भरा तो उन्होने रॉकी का सर भी धड़ से अलग कर दिया अब सवाल यह है कि पुलिस तीन लोगों को जेल भेज चुकी है और धड़ भी बरामद कर लिया गया, लेकिन आखिर पुलिस इन तीन लोगों की निशानदेही पर सर बरामद क्यो नहीं कर सकी? क्योकि हत्या में तीनों शामिल रहे यह तो पुलिस ही मान रही है और लिखापढ़ी में तीनों को कत्ल का आरोपी बनाया गया तो फिर रॉकी का सर कहां गया? यह अपने आप में एक सवाल है। यदि रॉकी के सर को काटकर नहर में बहाया गया या फिर कही गड्ढ़े में दबाया गया या फिर उसको आग में जलाया गया, लेकिन कही तो कुछ इस संबंध में सबूत मिलने थे, लेकिन पुलिस पर यह सवाल उठ रहा है कि महिला सहित तीन लोग जेल जा चुके है, लेकिन रॉकी का सर जमीन खा गई या आसमान निगल गया।

विकसित उर्फ रॉकी हत्याकांड लगातार समाचार सुर्खियों में बना हुआ है। रॉकी का शव सोमवार की शाम क्षेत्र के गांव कादीपुर के जंगल मे हत्यारोपी मोन्टी त्यागी की निशानदेही पर एक खेत में दबा हुआ बरामद किया था। शव सिर कटी हालत में मिला था। जिसके बाद पुलिस द्वारा मृतक के सिर की तलाश लगातार जारी है।

गुरुवार को पीएसी फ्लड टीम द्वारा रॉकी के सिर की तलाश भोपा क्षेत्र की नहर में की गयी। वहीँ मामले में पुलिस मृतक के सौतेले पुत्र बादल व मोन्टी त्यागी मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना सिखेड़ा क्षेत्र के गांव बेहड़ा आस्सा निवासी मगन सिंह ने रॉकी के लापता की सूचना दर्ज कराई थी और शुरू से ही पत्नी रेणू, सौतेले बेटे बादल व पुत्रवधु नीशा पर शक जताया गया। सिखेडा पुलिस ने बादल के दोस्त मोन्टी त्यागी निवासी मलपुरा को भी मुठभेड में गिरफ्तार कर शव बरामद कर लिया था। रॉकी की गोली मारकर हत्या कर शव धड़ से अलग कर दिया था। जहां पुलिस ने मुठभेड के दौरान बादल को गिरफ्तार किया और सिखेडा निरीक्षक विजय सिंह ने 44वी वाहिनी पीएससी के साथ नहर में सिर की तलाश की।

रॉकी की पहली शादी ऋषिकेश निवासी युवती से हुई थी तलाक के बाद लगभग 7 वर्ष पूर्व रॉकी ने अपनी आयु से दस वर्ष बड़ी रेणु से शादी की थी।रेणु की भी यह दूसरी शादी थी। 24 वर्षीय बादल रेणु के पहले पति की संतान है। दूसरे पति विकसित उर्फ रॉकी से दो वर्षीय पुत्र शिवा है। जहां तीन माह पूर्व बादल की शादी निशा से हुई। रेणु अथाह संपत्ति की मालिक है। रेणु व विकसित भोपा में पेट्रोल पंप लगाने के प्रयास में था। काफी पैसा खर्च हो जाने के बाद भी कार्य में सफलता न मिलने पर पति-पत्नी के बीच विवाद रहने लगा था विक. सित द्वारा भूमि के अनुबंध को भी समाप्त कर दिया गया वहीं पुत्र शिवा के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर भी दोनों के बीच विवाद बताया गया है। विकसित की हत्या को लेकर अनेक सवालों का जवाब शायद समय आने पर ही मिल पाएगा।

# टीजीटी परीक्षा का दूसरा दिनः सुरक्षा व्यवस्था पर रही पैनी नजर

## पहली पाली में 2611 व दूसरी पाली में 1646 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी परीक्षा के दूसरे दिन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकल. विहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं कर्की निगरानी के लिए एसपी सिटी अमृत जैन लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। पहली पाली में पंजीकृत 5171 परिक्षार्थी में से 2560 अभ्यर्थी मौजूद रहे, जबकि 2611 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली के दौरान 3278 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1632 ही परीक्षा देने पहुंचे। 1646 ने परीक्षा छोड़ दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली का जायजा लिया। केंद्रों के प्रवेश द्वारों पर की जा रही सघन जांच, सीसीटीवी कैमरों की। कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों की निगरानी और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया। इसके अलावा कंट्रोल रूम से की जा रही मॉनिटरिंग और केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एसपी सिटो ने अभ्यर्थियों की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बैग और अन्य सामान सुरक्षित रखने की व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता तथा प्रतीक्षा के लिए बनाए गए इंतजामों की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा अवधि के दौरान पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि या परीक्षा में व्यवधान डालने के प्रयास पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने को कहा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस दौरान एसपी सिटी ने ट्रेजरी का भी निरीक्षण किया और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने और निर्धारित प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





टीजीटी परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम-एसएसपी व एसपी सिटी।

# नाम है उर्दू, ज़बां में चाशनी पैवस्त है, इसके लफ़्ज़ों में...

## डॉ. बशीर बद्र की याद में शोक सभा व मुशायरा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन यूडीओ की ओर से मरहूम अंतर्राष्ट्रीय शायर डॉ. बशीर बद्र की याद में 'याद-ए-डॉ. बशीर बद्र शीर्षक से शोक सभा एवं भव्य मुशायरे का आयोजन महादुल बनात, मुस्तफा कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उस्ताद-शोअरा डॉ. सदाकत देवबंदी ने की, जबकि संचालन कलीम त्यागी ने किया।

शोक सभा में वक्ताओं ने डॉ. बशीर बद्र की साहित्यिक सेवाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी शायरी ने उर्दू अदब को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। मौलाना जमशेद कासमी ने कहा कि डॉ. बशीर बद्र का जीवन संघर्ष, सब्र और इस्तिकामत की मिसाल था। उन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन साहित्य की दुनिया में लगातार सक्रिय रहे। जीवन के अंतिम वर्षों में वह स्मृति संबंधी बीमारी से पीड़ित रहे और लंबे समय तक अस्वस्थता के बाद ईद-उल-अजहा के दिन उनका निधन हो गया था।

शोक सभा के बाद मुशायरे का आगाज़ कारी मोहम्मद यामीन ने तिलावत-ए-कुरआन से किया। इसके बाद उस्ताद अब्दुल हक़ सहर ने नात-ए-पाक पेश की। मुशायरे में शायरों ने अपने चुनिंदा कलाम पेश किए, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम देर रात लगभग तीन बजे तक चलता रहा। मुशायरे में डॉ. सदाकत देवबंदी ने कहा:'वो क्या गए कि चराग़-ए-सुख़न हुआ मदहम, न होंगे हम भी यही होगा और क्या होगा।' अब्दुल हक़ सहर- 'रूह भूखी थी बहुत, उसको गिज़ा अपनी मिली, जिस्म के घर से निकल कर क़ब्र की मिट्टी मिली।' डॉ. तनवीर गौहर- इश्क तुम से जुनूं की हद तक है, और हद ही कहां जुनूं की है।' अहमद मुज़फ्फरनगरी- वो यक़ीनन है आस-पास कहीं, वरना धड़कन बढ़ी नहीं होती।' सलामत राही- 'मैं भी औरों की तरह एक दिन फ़ना हो जाऊंगा, ढूंढ़ते रह जाओगे सब, इस तरह खो जाऊंगा।' डॉ. ताहिर कमर मीरापुरी-'बाग़बां हो तुम, हिफ़ाज़त पत्ते-पत्ते की करो, तुम में फूलों की तरफदारी कहां से आ गई।' जुनैद अख्तर कांधलवी- 'तेरा तो लहजा ही बदला है वरना, दौलत ने बहुत से लोगों का शजरा तलक बदल डाला।'उस्मान उस्मानी- दुश्मन है मेरी हौसला-मंदी से परेशान, सर पर जो कफ़न है मेरे दस्तार नहीं है। अरशद ज़िया-'उसका ख़याल उसे रहा ज़िंदगी के साथ, जैसे रहे कहार किसी पालकी के साथ।' अल्ताफ मशअल- 'अल्लाह ऐसे शहर में मेरा मकां न हो, जिस शहर की फ़िज़ा में उर्दू ज़बां न हो।'तहसीन कमर असारवी- 'नाम है उर्दू, ज़बां में चाशनी पैवस्त है, इसके लफ़्ज़ों में हक़ीक़त में लताफ़त है बहुत।'कलीम त्यागी- 'है पर-ख़तर वतन की फ़िज़ा इन दिनों बहुत, तनहा सफ़र पे जाने की को. शिश न कीजिए।' डॉ. तहसीन समर- 'ये जिसका जनाज़ा है ये कौन हुआ रुख़्सत, है आह हर इक लब पर, हर आंख में पानी है।'हाशिम चरथावली- उनके जाने से से, यार महफिल में उड़ रहा है, गुब्बार महफिल में। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मदरसे के मोहतमिम मौलाना अकरम नदवी और भारत मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. रविश आलम मौजूद रहे। कार्यक्रम में पैगाम इंसानियत अध्यक्ष हाजी आसिफ राही, सेक्युलर फंट अध्यक्ष गौहर सिद्दीकी, जमियत नेता इकराम कस्सार, शाहिद आलम, मोहम्मद समीर आलम, डॉ. खुर्रम, साजिद त्यागी, इशरत हुसैन त्यागी, मोहम्मद अली अलवी, इंजीनियर नफीस राणा, डॉ. फैसल सिद्दीकी व यूडीओ टीम से डॉ. शमीमुल हसन, हाजी सलामत राही, असद फारूकी, कलीम त्यागी, तहसीन अली असारवी, शमीम क़स्सार, बदरूज़्ज़मा खान, मौलाना मूसा क़ासमी, डॉ. सलीम सलमानी, डॉ. फर्रुख हसन, नदीम मलिक, गुलफाम अहमद, तौहीद त्यागी, मा. खलील अहमद, क़ारी तौहीद अज़ीज़, इम्तियाज़ अली, रईसउद्दीन राना मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: डॉ. बशीर बद्र की याद में मुशायरा व शोकसभा के दौरान मौजूद शायर।

# जिले के प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**■ हर विभाग की बिंदुवार जानकारी लेकर मांगी रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के मंत्री सोमेंद्र तोमर ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।



विकास भवन सभागार में उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, ग्रामीण विकास तथानगर विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान जिला. धिकारी सहित अन्य वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने और जनहित से जुड़े मामलों में तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। यहां पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने भी अफसर को शासन की मंशानुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान, एमएलसी वंदना वर्मा, नगर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष लोक दल संजय राठी जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रेणता ऐश्वर्या, विकास प्राधिकरण सचिव सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बारिश के दौरान करंट से गोवंश की दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला सुभाषनगर में गुरूवार को अचानक ही बारिश हुई। चारो ओर पानी भरा तो कही फिसलन हुई इसी के चलते मौहल्ला सुभाषनगर में एक खम्भे में उतरे करंट से एक गौवंश की मौत हो गई।

प्रत्यादर्शियों का कहना है कि करंट ने काफी देर तक गौवंश को जकड़े रखा और मौके पर ही उसने दम तोड दिया। इस खम्भे में हाईटेंशन का करंट बताया गया है घटना के बाद यहां अफरा तफरी मच गई। क्षेत्रवासियों का आरोप था कि विद्युत विभाग को खम्भे में करंट उतरने की जानकारी कई बार दी जा चुकी है।



मुजफ्फरनगर: भीषण आग से हौजरानी गांव के वसीम, शुएब, इसरार ने बचाई कई लोगों की जान।

# दिल्ली होटल अग्निकांड के बाद जनपद मुजफ्फरनगर प्रशासन भी हुआ अलर्ट

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यना के सख्त आदेश के बाद यूपी के साथ जनपद के पुलिस प्रशासन ने होटल, अस्पताल, मॉल, व्यवसायिक व इमारतों में फायर सेफ्टी मानकों की जांच



**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के हौजरानी स्थित फ्लोरिश स्टे बी एड बी में भीषण अग्निकांड में बेमौत मारे गए इक्कीस लोगों का मामला देश में ही नहीं विदेश में भी फैल गया है। इस अग्निकांड को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है और यूपी के समस्त होटल, रेस्टोरेंट व अन्य बडी इमारतों में एफएसओ को अग्नियंत्र चैक करने के आदेश दिए है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद जनपद मुजफ्फरनगर का पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया है। गुरूवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद में अपने-अपने क्षेत्रों में होटल व इमारतों में जाकर अग्नियंत्र को चैक किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में सभी जनपदों के विकास प्राधीकरणों, पुलिस विभागों, पीडब्ल्यूडी और अग्निशमन अधिकारियों के साथ-साथ अन्य विभागों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने साफ कहा कि सभी ऊचाई वाली इमारतों, दफ्तरों, होटलों व ऊचाई प्रतिष्ठानों का गहनता से निरीक्षण किया जाए। सीएम इस घटना को लेकर पूरी तरह दुखी है। उन्होने अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि संबंधी सभी विभाग सभी होटलों का सुरक्षा निरीक्षण करे और एक ऑडिट रिपोर्ट भेजे जिसके बाद यूपी के सभी जनपदों का पुलिस प्रशासन व संबंधित विभाग हरकत में आ गया है। इसी के चलते जनपद मुजफ्फरनगर का पुलिस प्रशासन भी गुरूवार को सवेरे से ही हरकत में दिखाई पड़ा। होटल, रेस्टोरेंट व ऊचाई वाली सभी इमारतों व ऑफिस को चैक किया गया। इस दौरान जनपद मुजफ्फरनगर के फायर स्टेशन के अधिकारियों ने अपने आग बुझाने के यंत्रों को चैक किया गया। अग्निशमन अधिकारी मुजफ्फरनगर ने जहां टीम के साथ इस मामले को लेकर बैठक की तो वहीं जगह जगह उन्होने अग्निकांड से बचने के लिए लोगों को प्रेरित किया। मुजफ्फरनगर के नगर मजिस्ट्रेट और अग्निशमन दल विभाग के अधिकारी कई स्थानों पर चैकिंग करते दिखाई पड़े, हालांकि इससे पहले अग्निशमन दल गंभीर घटना घटने के बाद ही मौके पर दिखाई पडता था, लेकिन मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बाद पुलिस प्रशासन के साथ दमकल विभाग भी हरकत में दिखाई पड़ा। नगर मजिस्ट्रेट ने एक-एक करके सभी बड़ी इमारतों को चैक किया। सीएम मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बाद एक व्यापक भवन सुरक्षा अभियान चलाया गया जिसमें होटल, अस्पताल, मोल व अन्य व्यवसायिक इमारतों में फायर सेफ्टी मानकों की जांच की गई, हालांकि दमकल विभाग और सिटी मजिस्ट्रेट से यह सवाल पूछा गया कि शहर के एक ही बड़े होटल का निरीक्षण किया गया और घटना होने के बाद ही जनपद का पुलिस प्रशासन व दमकल विभाग जागता है। इस पर उन्होने कहा कि पुलिस प्रशासन और दमकल विभाग समय-समय पर ऐसी जगहओं की सेफ्टी मानकों की जांच करता रहता है और अभी भी सभी ऐसे स्थानों पर जांच की जा रही है। उधर दिल्ली होटल अग्निकांड के बाद अधिकतर लोग दहशत में है क्योकि उसमें मरने वालों में विदेशी लोगों की संख्या भी ज्यादा है। अग्निकांड के दौरान एक ऐसा मामला भी सामने आया है जहां भयानक अग्निकांड में जिन्दगी और मौत के बीच जुझ रहे लोगों को हौजरानी गांव के रहने वाले वसीम, सुऐब व इसरार सहित पांच मुस्लिम लोगों ने काफी लोगों की जान बचाई है। जीवन पाने वाले और क्षेत्र के लोगों ने पांचों लोगों की सराहना की है।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर 4 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे में प्लॉट दिलाने के नाम पर एक महिला से 4 लाख 20 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला खुर्शीदा पत्नी शमशाद निवासी मोहल्ला मण्डी दक्षिणी चंधेड़ी रोड कस्बा बुढ़ाना ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में प्रॉपर्टी डीलर इस्तकार व उसके एजेंटों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अब एसएसपी के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। खुर्शीदा ने बताया कि उन्होंने अपने विकलांग बेटे आरिफ के लिए 2 रास्तों वाला 200 वर्ग गज का प्लॉट खरीदने का सौदा किया था। प्रॉपर्टी डीलर इस्तकार ने प्लॉट चंधेड़ी रोड पर मदरसे के पीछे बस्ती में दिखाया। सौदा 4 लाख 20 हजार रुपये में तय हुआ।

आरोप है इरफान, मोहर्रम पुत्र रमजान, वाहिद व सादिक उर्फ अन्ना पुत्र बुन्दू ने मिलकर अलग अलग किस्तों में पूरी रकम ले ली। 2 लाख रुपये की रसीद नंबर 205 इरफान होमगार्ड ने दी। 1 लाख रुपये बीते 4 अगस्त सन 2016 को लुहसाना रोड पर बने फर्जी दफ्तर में जमा कराए गए। इसके बाद बीते 29 मार्च सन 2017 को 50 हजार रुपये व बीते 13 अप्रैल सन 2017 को 70 हजार रुपये जमा कराए गए।

महिला का आरोप है रकम जमा कराने के बाद जब उन्होंने फाइनल रसीद और रजिस्ट्री मांगी तो आरोपी टाल मटोल करते रहे। 10 वर्ष बीतने के बाद भी न रसीद दी गई और ना ही रजिस्ट्री की गई। जांच में पता चला कि वकास प्रॉपर्टीज़ के नाम पर बनाई फर्म वैध नहीं है। आरोपी एक नाबालिग बच्चे शाहनवाज के नाम पर फर्जी फर्म बनाकर लोगों को लूट रहे हैं। पीड़िता ने कहा कि जब उसने रकम वापस मांगी तो हत्या की धमकी मिली। आरोपियों के साथ गुंडे रहते हैं जो दबंगई से लोगों को दुखी करते हैं। इस्तकार का संबंध अण्डरवर्ल्ड गिरोह से है और वह नशे का धंधा करता है। उसने इस बारे में कई बार थाना बुढ़ाना, सीओ बुढ़ाना, एसएसपी को शिकायत की मगर अब तक कोई कार्रवाई नही हुई। उन्होंने एसएसपी से मांग की है कि आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर उनकी रकम वापस दिलाई जाए। वहीं एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## वार्ड 7 की गली नंबर 1, 3 और 4 में लगी नई स्ट्रीट लाइटें

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना के नामित सभासद कुणाल पंवार के प्रयासों और नगर पंचायत के सहयोग से वार्ड नंबर 7 की गली नंबर 1, 3 और 4 में नई स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। लंबे समय से अंधेरे में डूबी इन गलियों में अब रात के समय भी आवागमन आसान और सुरक्षित हो गया है। कुणाल पंवार ने बताया कि स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग थी कि इन गलियों में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण शाम होते ही परेशानी होती थी। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में दिक्कत होती थी। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से समन्वय कर इस कार्य को प्राथमिकता पर कराया। स्थानीय निवासियों ने कुणाल पंवार और नगर पंचायत का आभार जताते हुए कहा कि नई लाइटें लगने से अब रात में भी क्षेत्र सुरक्षित महसूस हो रहा है।

कुणाल पंवार ने कहा कि वार्ड के विकास और लोगों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। आगे भी वार्ड की अन्य समस्याओं को हल करने के लिए लगातार काम किया जाएगा।

# विधु भारद्वाज जिलाध्यक्ष और ऋषि पंडित युवा मोर्चा में मनोनीत




**मुजफ्फरनगर।** शिवसेना मुजफ्फरनगर द्वारा संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए ग्राम सलेमपुर में एक विशाल सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने शिवसेना की नीतियों और देशहित की विचारधारा से प्रभावित होकर संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में संगठन को युवाओं के बीच और अधिक सक्रिय बनाने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। शिवसेना के पश्चिम प्रदेश उप प्रमुख प्रमोद अग्रवाल की संस्तुति पर विधु भारद्वाज को शिवसेना युवा छात्र सभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके साथ ही ;षि पंडित को भी युवा मोर्चा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए पदाधिकारी बनाया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिवसेना जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि आज देश और समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए युवाओं का आगे आना बेहद जरूरी है।

शिवसेना हमेशा से युवाओं की आवाज रही है। विधु भारद्वाज और ऋषि पंडित के संगठन में आने से मुजफ्फरनगर में छात्र और युवा विंग को एक नई ऊर्जा मिलेगी।

हमारा लक्ष्य जिले के कोने-कोने तक शिवसेना की आवाज पहुंचाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है। बिट्टू सिखेड़ा ने स्थानीय मुद्दों पर बोलते हुए आगे कहा कि शिवसेना केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक परिवार है जो हमेशा जनता के सुख-दुख में खड़ा रहता है। सलेमपुर में जिस तरह युवाओं ने बढ़-चढ़कर सदस्यता ली है, उससे साफ है कि लोग हमारी नीतियों पर भरोसा कर रहे हैं। हम युवाओं के हक की लड़ाई और छात्र हितों के लिए सड़क से लेकर शासन तक संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक और मनोनयन कार्यक्रम का सफल संचालन जतिन वशिष्ठ जिला अध्यक्ष, छात्र सभा विद्यार्थी सेना द्वारा किया गया। उन्होंने युवाओं से एकजुट होकर संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय युवा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशाल चौधरी, अर्जुन त्यागी, नितिन शर्मा, आकाश त्यागी, मोनू धीमान, राहुल कश्यप, शुभम वशिष्ठ, रोहित भारद्वाज, विकास प्रजापति, अनुज पंडित, दीपांश सैनी, सुमित कुमार, गौरव बालियान, सुजल चौधरी आदि सैंकड़ो शिव सैनिक मौजूद रहे।

# गंग नहर में डूबे होमगार्ड के शव की तलाश जारी

**■ पीएचसी बाढ़ राहत लगी है तलाश में**

**भोपा।** बुधवार को भोपा पुल से नहर में कूदकर आत्महत्या करने वाले होमगार्ड की तलाश लगातार जारी है। गुरुवार को भी पीएसी बाढ़ राहत टीम द्वारा शव की तलाश की गयी किन्तु देर शाम तक कुछ पता नही चल सका था।

थाना छपार क्षेत्र के रामपुर तिराहा निवासी 55 वर्षीय आंनद कुमार ने बुधवार की दोपहर भोपा पुल से नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। मौके से मोबाइल व पर्स में मिलने पर व्यक्ति की पहचान हुई थी।

ब्रहस्पतिवार को मेरठ 44 पीएसी बाढ़ राहत दल की टीम द्वारा आनन्द के शव की तलाश भोपा, नंगला बुजुर्ग, जौली क्षेत्र की नहर में की गयी है। किन्तु उसका कोई पता न चल सका। आनंद ट्रैफिक पुलिस में होमगार्ड के रूप में तैनात था।

बुधवार को वह ड्यूटी पर भी नहीं गया था। आनंद के द्वारा आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है परिजन आनंद की अचानक मौत को लेकर बेहद सदमे में हैं।

# सुशासन, सुरक्षा और विकास के पर्याय हैं मुख्यमंत्री: कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिवस (05 जून) एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सुशासन, सुरक्षा, विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की सुदृढ़ स्थिति, आधारभूत संरचनाओं का तीव्र विकास, निवेश एवं रोजगार सृजन तथा गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित योजनाएं उनकी प्रभावी कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। उनकी कार्यकुशलता, ख्रढ़ इच्छाशक्ति एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पित सोच प्रदेशवासियों के लिए निरंतर प्रेरणास्रोत बनी हुई है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ब्रिव पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिवस की पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल, सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा ब्रिव पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों को हरित, स्वच्छ एवं स्वस्थ उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लेने का संदेश दिया।

## समाजसेवी को फोन पर मिली हत्या की धमकी

**रतनपुरी/बुढाना।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव रतनपुरी में एक समाजसेवी व्यक्ति को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित कपिल सोम पुत्र भंवर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में गांव के ही सोनू उर्फ अरविंद पुत्र राकेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कपिल सोम का आरोप है कि सोनू आए दिन शराब पीकर उनके और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। बीती 24 मई को शाम करीब 8:30 बजे सोनू ने उनके भतीजे श्याम के मोबाइल नंबर पर अपने मोबाइल से फोन किया और गाली गलौच करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ित के अनुसार सोनू ने फोन पर कहा कि तेरा चाचा बहुत बड़ा नेता बनता है उसकी नेतागिरी में देखूंगा। किसी दिन मौका मिलते ही चाचा को जान से मार दूंगा। तभी 302 कर के जेल जाऊंगा इसके साथ ही सोनू ने पूरे परिवार को गाली दी और कहा कि अपनी जान पहचान बड़े बड़े लोगों में बताते हो अब मैं देखता हूं। कपिल सोम ने कहा कि सोनू बदमाश किस्म का व्यक्ति है और वह उनके व परिवार के खिलाफ किसी भी समय अनहोनी घटना को अंजाम दे सकता है। पीड़ित ने एसएसपी से मांग की है कि सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शेखर मेरे कहने-सुनने में नही हैं, गलत संगत में पड़कर शराब पीकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है और कई-कई दिनो तक घर से बाहर रहने लगा है समझाने के बाद भी बात मानने को तैयार नहीं है जिससे बेहद तंग व परेशान होकर मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, और भविष्य में इससे मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है शेखर के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी भी प्रकार की नहीं होगी ये अपने कृत्य व लेन देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सलेकचन्द पुत्र मूला**
**निवासी- ग्राम ज्ञाना माजरा रोडान, थाना-चरथावल, तहसील सदर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र प्रवीण व उसकी पत्नी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं इसलिए मैंने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कमला पत्नी श्री रणधीरा**
**निवासी- ग्राम बन्तीखेडा, थाना बाबरी**
**जिला शामली**


# भाकियू की बैठक में हरिद्वार चिंतन शिविर की बनी रणनीति



**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के आवास पर बुधवार को संगठन की एक अहम बैठक हुई। जिसमें तहसील में प्रस्तावित पंचायत व हरिद्वार में होने वाले 3 दिवसीय चिंतन शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति तय हुई।

यहां बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर प्रधान ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बुढ़ाना नगर उपाध्यक्ष लविश जांगिड़ ने सुझाव रखा कि हरिद्वार चिंतन शिविर में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता ट्रैक्टरों के साथ पहुंचें ताकि किसान शक्ति का प्रदर्शन हो सके। जिला महासचिव अनुज बालियान ने हरिद्वार में भंडारे के आयोजन व सहयोग राशि एकत्रित करने की जिम्मेदारी रखी तो कई साथियों ने तुरंत राशि जमा कराई जबकि अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से जल्द ही योगदान देने की अपील की गई। अध्यक्षता बाबा धीर सिंह व संचालन विकास प्रधान ने किया। यहां यासीन, कृष्णदत्त त्यागी, कृष्णपाल, चरण सिंह प्रधान, वीर सिंह, पिंटू, मुन्ना, आशू, इकराम, पप्पल प्रधान, राजवीर ठेकेदार, भीमा, जुल्फिकार प्रधान, प्रवीण समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा जो साथी किसी कारणवश इस बैठक में शामिल नही हुए वे हरिद्वार चिंतन शिविर की तैयारियों में जुट जाएं क्योंकि किसान हितों को लेकर हरिद्वार में होने वाला चिंतन शिविर बडा महत्वपूर्ण है और इसमें बुढ़ाना तहसील से बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी?

# प्रेमी पर युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक युवक के द्वारा एक गांव से लगभग 21 साल की एक नवयुवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। बुढ़ाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरू करते हुए नवयुवती की सकुशल बरामदगी के भी प्रयास शुरु कर दिए थे।

पीड़ित पिता ने बुढ़ाना पुलिस को दिए गये एक प्रार्थना पत्र में जनपद शामली के गांव रसूलपुर निवासी अंकित कुमार पुत्र राकेश पर उनकी बेटी को भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 02 जून को उनकी बेटी को अंकित नामक युवक बहला फुसलाकर घर से कहीं पर ले गया।

परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन बेटी का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता ने शक जताया है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी ना हो जाए। अंकित को रसूलपुर निवासी शुभम पुत्र मोहकम ने उनकी बेटी को भगवाने में पूरा पूरा सहयोग किया है। शुभम दो दिन से उनकी बेटी को वापस देने का वायदा कर रहा था लेकिन उसने उनकी बेटी को अब तक भी नहीं लौटाया है। पीडित ने बुढाना पुलिस से मांग की है कि उसकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी बेटी को बरामद कराया जाए। वहीं दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर नवयुवती की तलाश शुरु कर दी है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश को किया घायल

**रतनपुरी/बुढ़ाना।** रतनपुरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान फायरिंग करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस के साथ बाइक भी बरामद की है।

रतनपुरी थाना प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार बीते रतनपुरी पुलिस टीम ग्राम नंगला रियावली से पिठलोकर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। तभी पिठलोकर पुल की तरफ से एक व्यक्ति बाइक पर आता दिखा। पुलिस ने टॉर्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया तो वह घबरा गया और बाइक को तेजी से घुमाकर भागने लगा। कीचड़ में फिसलकर बाइक गिर गई। गिरने के बाद बदमाश ने हाथ में तमंचा लहराकर चिल्लाया कि भाग जाओ नहीं तो जान से मार दूंगा। तब रतनपुरी पुलिस ने आत्मसमर्पण करने को कहा तो वह गन्ने के खेत में घुस गया और पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायर किया। जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी और वही पर गिर पड़ा। बदमाश गैंदा उर्फ रहीस निवासी नंगला रियावली है। उसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ। तलाशी में जेब से 1200 रुपये और एक कारतूस और एक खोखा भी मिला। हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक सीज कर दी गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कई थानों में चोरी के मुकदमों में वांछित है और छिपकर रहता था। पुलिस ने घायल बदमाश को हस्पताल में भर्ती करवाया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, खतौली (मु0नगर)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व सज्जनों को सूचित किया जाता है कि वार्ड नं0-9, मौ0 लाल मौ0 म0नं0-211 की गृहकर सूची में श्री आशीष मिश्रा, अंकुर मिश्रा पुत्र स्व0 ब्रजकान्त मिश्रा, संगीता मिश्रा पत्नी आशुतोष मिश्रा का नाम इन्द्राज है। उक्त भवन पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु फैसल सिद्दीकी पुत्र श्री शकील अहमद सिद्दीकी के द्वारा एक प्रार्थना बैनामे की छायाप्रति की छायाप्रति, कार्यालय में प्रस्तुत की है। यदि उपरोक्तानुसार इस नाम परिवर्तन किये जाने में किसी सज्जन को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय साक्ष्य कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। अतः कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ पत्राजातों की छायाप्रति के आधार पर गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सूचित होवे।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, खतौली।**


# पर्यावरण बचाने को अब सार्थक प्रयास की जरूरत



**मोरना।** मानवीय सुविधाओं के लिये संसाधनों के बढ़ते प्रयोग से पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। पर्यावरण में लगातार बढ़ते प्रदूषण से नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। लगातार बढ़ती शारीरिक व मानसिक बीमारियों के कारण आमजन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।साथ ही प्रकृति पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में पर्यावरण को बचाना बेहद जरूरी हो गया है शुकतीर्थ में स्थित नक्षत्र वाटिका पर्यावरण को बचाने में एक सार्थक उपाय साबित हो रही है। प्रकृति व पर्यावरण को बचाने के लिए इसी प्रकार के प्रयास करने की आवश्यकता आन पड़ी है।

आज पूरे ब्रिव में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है।आज पर्यावरणीय चिंताएं जाहिर की जा रही हैं तथा उनके उपाय भी बताई जा रहे हैं किंतु धरातल पर सच्चाई कुछ और ही नजर आती है पर्यावरण को लेकर केवल चिंताएं तो प्रकट की जाती है किंतु उनके उपाय सार्थक रूप में नहीं किया जा रहे हैं। वहीं पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में हनुमन्तधाम द्वारा स्थापित की गई नक्षत्र वाटिका पर्यावरण बचाने की मुहिम में एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। नक्षत्र वाटिका में अनेक प्रकार के औषधीय धार्मिक तथा छायादार उपयोगी पेड़ लगाए गए हैं।जहां सैर सपाटे के लिये जाने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों को शांत,शीतल वातावरण के अलावा दुर्लभ हो रहे वृक्षारोपण की जानकारी मिल रही है।व पर्यावरण को बचाने वृक्षारोपण करने की प्रेरणा भी प्राप्त हो रही है।नक्षत्र वाटिका में मुख्य रूप से ढाका, पाकड़ ,रीठा, बेल, अर्जुन, कंटारी,मोलश्री ,चीड़, साल,जलबेतरू,कटहल,मदार, खैर, कदम,आम ,नीम ,महुआ, कुचिला,आँवला,गूलर ,जामुन, शमी ,शीशम,बांस,पीपल, नागकेसर,बरगद,आम,गुलमोहर,अर्जुन आदि के वृक्ष सुखद अहसास करा रहे हैं। वहीं बराबर में बह रही मां गंगा की अविरल धार मन को एकाग्र व तन को आंतरिक ऊर्जा प्रदान प्रदान करती है।शुकतीर्थ क्षेत्र में एक बड़ा वन क्षेत्र भी मौजूद है जहां इसी प्रकार के प्रयास वृहद स्तर पर किये जा सकते हैं।इसके अलावा क्षेत्र की सोलानी व गंगा नदी क्षेत्र व गंग नहर पटरी मार्ग, तथा अन्य मार्गों के किनारे वृक्षारोपण कर हरियाली को बढ़ाने का कार्य वृहद स्तर पर किया जा सकता है। हरियाली के साथ-साथ वायु प्रदूषण,ध्वनि प्रदूषण व पूर्ण स्वच्छता पर ध्यान देने की ज़रूरत है।


**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैसर्स कृष्णांचल पल्प एण्ड पेपर्स प्रा. लि. मुजफ्फरनगर ने औद्योगिक सम्पत्ति भाग भूमि खसरा नं0 441, 442, 443 व 452म ग्राम धन्धेडा तह. व जिला मुजफ्फरनगर को द्वारा 3 बैनामेजात बैनामा सं. 5399 दि. 13.04.2022, बैनामा सं0 4667 दि. 18.05.2018 व बैनामा सं. 189 दि. 05.01.2021 खरीदी थी, की चेन में पुराने असली बैनामा सं0 588 दि. 31.01.1979 व असली बैनामा सं0 3671 दि. 28.03.1985 एवं असली बैनामा सं0 3615 दि. 17.04.2018 वास्तव में कहीं खोऐ हुऐ हैं, वर्तमान स्वामी मैसर्स कृष्णांचल पल्प एण्ड पेपर्स प्रा.लि. मुजफ्फरनगर द्वारा डायरेक्टर उक्त सम्पत्ति को पी.एन.बी. एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर में लिऐ जाने वाले ऋण के लिऐ बंधक करना चाहते है। यदि उक्त मूल बैनामें वगैरा किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाऐगी, उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्री राजीव कुमार सिन्हा,**
**चीफ मैनेजर पी.एन.बी.**
**एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर**
**मो० नं० 70444 81471**


# भारतीय किसान यूनियन तोमर का 16 जून को रेलवे ट्रैक पर पंचायत का ऐलान :संजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) कि एक सभा गांव रूडकली में शानू पहलवान के आवास पर हुई जहां भाकियू (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ ज़ोर दार स्वागत किया राष्ट्रीय अध्यक्ष के गांव में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और किसानों में भरपूर जौश भी दिखाई दिया सभा मैं किसानों का हुजूम दिखाई दिया सभा में किसानों ने संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर द्वारा उनकी समस्याओं को सूना और किसानों ने बताया कि जनपद के अधिकारी जो हमारी खाद कि भी पूर्ति नहीं कर पा रहै और कुल 5000 रू पर ही बिजली कनशंन काट दिये जाते हैं जबकि बड़े बड़े उद्योगपति का करोड़ों रू के भुगतान पर भी कनशन नहीं काटे जाते हैं और जंगल बिजली भी कम दी जाती और यहां तक नहरों और रजवाहो में भी पानी कटोती कि जा रही जिसके चलते खेतों कि सिंचाई भी नहीं हो पा रही है और बिजली और डीजल के दाम आसमान छू रहे सरकार द्वारा गन्ने के भाव में ना के बराबर बढ़ोतरी होती है मंहगाई बहुत तेजी के साथ बढ़ाई जा रही भाजपा सरकार किसानों पर ध्यान नहीं क्यूंकि हमारा देश कृषि प्रधान देश है लेकिन उसके बाबूजूद भी किसान परेशानी से जूझ रहा पंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने खालिद को युवा ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया और पंजायत में मौजूद किसानों से आह्वान कर दिया कि किसानों किस समस्याओं को लेकर 16 जून को संगठन रेलवे ट्रैक पर पंचायत करेगा।।

इस मोके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शहजाद मलिक दीपक तोमर हनी बालियान वाजीद रज्जा रिहान अली रहीस अहमद इरशाद ईलयाद शाइन आदि मोजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: भाकियू के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए।


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

**मण्डल कार्यालय, मुजफ्फरनगर**

**पीएनबी मण्डल कार्यालय मुजफ्फरनगर के लिए पार्ट टाइम मेडिकल रिटेनर की नियुक्ति**

पीएनबी मण्डल कार्यालय मुजफ्फरनगर में पार्टटाइम मेडिकल रिटेनर के रूप में नियुक्त करने के लिए पात्र और इच्छुक डॉक्टर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पीएनबी बैंक, मण्डल कार्यालय, मुजफ्फरनगर में निम्नलिखित सेवाओं और नियमों एवं शर्तों पर सेवा प्रदान करने के लिए अंशकालिक आधार पर डॉक्टर नियुक्त करने हेतु:

1. मुजफ्फरनगर मण्डल में पीएनबी स्टाफ को सभी कार्य दिवसों में दो घंटे अपनी सेवाएं देनी होगी। रिटेनरशिप एग्रीमेंट शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए होगा और इसे किसी भी समय एक महीने का नोटिस देकर या एक महीने के रिटेनरशिप शुल्क के भुगतान करके बिना कोई कारण बताए समाप्त किया जा सकता है। अंशकालिक चिकित्सा सलाहकार को बैंकों के नियमित/सेवानिवृत्त कर्मचारियों और/या उनके परिवारों को निःशुल्क परामर्श देना होगा। डॉक्टर को देय रिटेनरशिप शुल्क की अधिकतम सीमा रु. 10,000/- प्रतिमाह। डॉक्टर की योग्यता **एमबीबीएस (MBBS)** से कम नहीं होनी चाहिए और **एम डी (MD)** डिग्री रखने वाले डॉक्टरों को वरीयता दी जाएगी।

**पदों कि संख्या – 1**

इच्छुक डॉक्टर जो ऊपर दिए गए नियमों और शर्तों के अनुसार अपनी सेवा प्रदान करने के लिए तैयार हैं, वे अपना आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर **07.06.2026 16:00** बजे तक जमा कर सकते हैं: **मुख्य प्रबंधक (एचआरडी), पंजाब नेशनल बैंक, मण्डल कार्यालय मुजफ्फरनगर, सीपी-01, आवास विकास कॉलोनी, सर्क्युलर रोड, मुजफ्फरनगर 251001**

**मण्डल प्रमुख**

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फ़रनगर।** विकास प्राधिकरण (एमडीए ने गुरुवार को अवैध प्लॉटिंग और निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-3 क्षेत्र में एक साथ कई स्थानों पर बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनाइजरों और भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया।

मंडलायुक्त सहारनपुर और प्राधिकरण की उपाध्यक्ष प्रणता ऐश्वर्या के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत भोपा रोड और कूकड़ा क्षेत्र में लगभग 77 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान ग्राम कूकड़ा के खसरा संख्या 140 में करीब 6 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा दीनदयाल स्कूल और बालाजी मंदिर के पास भोपा रोड से पचेंडा रोड मार्ग पर लगभग 5 बीघा में की गई अवैध आवासीय प्लॉटिंग पर भी बुलडोजर चला। सबसे बड़ी कार्रवाई ग्राम कूकड़ा में खसरा संख्या 136, 293, 302 और 311 में की गई, जहां लगभग 66 बीघा भूमि पर बिना स्वीकृत मानचित्र के विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण के अनुसार इन सभी मामलों में पूर्व में नोटिस जारी किए जा चुके थे और ध्वस्तीकरण के आदेश भी पारित हो चुके थे, लेकिन संबंधित लोगों ने अवैध निर्माण नहीं हटाए थे। वस्तीकरण के साथ-साथ कच्ची सड़क क्षेत्र में अवैध रूप से बने एक व्यावसायिक गोदाम को भी सील किया गया। वहीं रामपुर तिराहा क्षेत्र में उज्जीवन बैंक के पीछे सरकारी नाली पर निर्मित दो व्यावसायिक दुकानों पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई।

## बारिश से राहत, पानी सप्लाई ठप्प

**मुज़फ्फ़रनगर।** गुरूवार की सवेरे एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला, जहां आसमान में बारिश के काले बादल छाये। तेज बारिश ने पिछले दिनों से हो रही उमस से राहत दिलाई। इस दौरान ठंडी हवा भी चली, लेकिन कई मौहल्ले में बिजली के साथ-साथ पानी की सप्लाई भी ठप्प हो गई थी जिससे मौहल्लेवासियों को कठिनाई का सामना करना पडा। इस दौरान कुछ लोगों को तो सरकारी नल या दूसरे घर से पानी लेना पडा। पानी की सप्लाई ठप्प होने से लोगों को बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी आई तो वही लोगों की दिनचर्या पूरी तरह खराब रही। बत्ती गुल होने के बाद लोगों के कई काम बाधित हुए। बिजली आने के बाद शहर वासियों ने राहत की सांस ली। लेकिन सुबह 8 बजे से अधिकतर मौहल्लों की बिजली गुल रही और पानी सप्लाई ठप्प रहा।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकश घायल

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात पुलिस और एक कथित गौकश के बीच हुई मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। मौके से एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार नंगला रियावली-पिठलोखर मार्ग पर देर रात संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का संकेत दिया, लेकिन वह वाहन मोड़कर तेजी से भाग निकला। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा शुरू कर दिया। भागने के दौरान आरोपी की मोटरसाइकिल रास्ते में कीचड़ में फंसकर गिर गई। इसके बाद वह पैदल भागने लगा। पुलिस का कहना है कि खुद को घिरा हुआ देखकर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गैंदा उर्फ रहीस पुत्र जला उर्फ अब्दुल रहीम, निवासी नंगला रियावली, थाना रतनपुरी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी गौवध अधिनियम और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न मामलों में वांछित चल रहा था तथा उसके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जांच कर रही है।

# हरिद्वार जाते हुए भाकियू लोक शक्ति के किसानों का स्वागत



**पुरकाजी।** कस्बे में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल यादव ने कहा कि किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है हरिद्वार में हर साल राष्ट्रीय चिंतन शिविर का तीन दिवसीय शिविर लगाया जाता है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर किसानों की समस्या के बारे में विस्तार से बात की जाती है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना फैसला देते हैं।

कस्बे में नोएडा से हरिद्वार जाते हुए भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति पा के सेकडो किसनो के कारो गाड़ियों के काफिले को आंशू अहमद के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया टोल प्लाजा बाईपास से कारों का काफिला पुरकाजी पहुंचा जहां गुप्ता चाट भंडार पर उनका जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सतपाल यादव ने कहा कि देश में किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है किसान परेशान है। इसीलिए हरिद्वार में तीन दिन के राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन कर रहे हैं जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर शिवराज सिंह भाटी सहित राष्ट्रीय कोर कमेटी भाग लेंगे जिसमें किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी यूनियन साल में तीन शिविर लगाती है जिनमें जनवरी में प्रयागराज, अगस्त में मथुरा जून में हरिद्वार राष्ट्रीय चिंतन सिविल लगाया जाता है तीन दिन तक पूरे देश के किसान हरिद्वार में इकठा होकर किसानों को हो रही परेशानी को रखेंगे। फिर राष्ट्रीय समिति उन समस्याओं को जोरदार तरीके से देश में उठाती है उनके कई स्थानों पर इस समय भी समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है इस दौरान किसान यूनियन जोरदार नारेबाजी कर रही थी पुरकाजी पहुंचने पर आंशू अहमद के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर सतपाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष, देवेंद्र यादव, अनिल भाटी

## संक्षिप्त समाचार

# मृत्युभोज जैसी कुप्रथा को खत्म करने का लिया संकल्प



**खतौली।** क्षेत्र के गांव कढ़ली में आयोजित श्र)ांजलि सभा समाज सुधार का संदेश देने वाला कार्यक्रम बन गई। समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान पवन सैनी के पिता स्वर्गीय वेद प्रकाश सैनी की स्मृति में आयोजित सभा में सर्वसमाज के लोगों ने मृत्युभोज जैसी कुप्रथा का विरोध करते हुए इसे समाप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया। 95 वर्षीय वेद प्रकाश सैनी का 26 मई को बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनके सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा पूरी तरह सादगीपूर्ण रही। परिवार की ओर से मृत्युभोज का आयोजन न किए जाने पर उपस्थित लोगों ने इसकी सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व एमएलसी हरपाल सैनी तथा उत्तर प्रदेश सैनी संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मृत्युभोज सामाजिक और आर्थिक रूप से हानिकारक परंपरा है, जिससे समाज को मुक्त कराने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे न केवल स्वयं इस कुप्रथा से दूर रहें, बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उत्तर प्रदेश सैनी संगठन के प्रदेश महामंत्री सतेन्द्र सैनी ने कहा कि तेरहवीं पर होने वाला मृत्युभोज अनावश्यक खर्च को बढ़ावा देता है और कई परिवारों पर आर्थिक बोझ डालता है। इस पर पूर्ण रोक लगनी चाहिए। वहीं आर्य समाज के वैदिक प्रवक्ता मुरारी लाल आर्य ने वैदिक परंपराओं और सादग. ीपूर्ण जीवन शैली को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि समाज में सुधार सामूहिक जागरूकता से ही संभव है। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजपाल सैनी, सपा नेता श्यामलाल उर्फ बच्ची सैनी, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, राकेश सैनी, दीपक सैनी, डॉ. शीशपाल सैनी, डॉ. बबलू सैनी, बनारसी दास सैनी, श्याम प्रधान, निर्मल प्रधान, अनिल फौजी, रामपाल सैनी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय वेद प्रकाश सैनी के पुत्र मदन लाल सैनी और पवन सैनी द्वारा मृत्युभोज का बहिष्कार कर समाज के सामने सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। लोगों ने इसे समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय कदम बताया।

## उपजिलाधिकारी से कार्रवाई की लगाई गुहार

**जानसठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर निवासी एक किसान ने पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े एक व्यक्ति पर कृषि ऋण कार्ड (केसीसी) की सीमा बढ़ाने के नाम पर अवैध धनराशि मांगने, अभद्र व्यवहार करने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी जानसठ को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुतुबपुर निवासी सुनील पुत्र कटार सिंह का खाता पीएनबी बैंक में संचा. लित है। सुनील का कहना है कि वह अपने कृषि कार्ड (केसीसी) की ऋण सीमा बढ़वाने के संबंध में पीएनबी बैंक जानसठ गया था। वहां फील्ड ऑफिसर की सीट पर बैठे पवन नामक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने स्वयं को संबंधित कार्य से जुड़ा बताते हुए उसका मोबाइल नंबर दिया तथा बाद में बैंक के पीछे स्थित अपने आवास पर मिलने के लिए बुलाया। पीड़ित के अनुसार उसने कृषि कार्ड की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए अपने सभी आवश्यक दस्तावेज उक्त व्यक्ति को सौंप दिए। आरोप है कि करीब 15 से 20 दिनों तक उसे लगातार आश्वासन देकर टालमटोल किया जाता रहा। जब कार्य नहीं हुआ तो वह संबंधित व्यक्ति के आवास पर पहुंचा, जहां उससे कृषि कार्ड की स्वीकृति के बदले 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई। सुनील का आरा. ेप है कि इससे पूर्व भी फाइल तैयार कराने और बैंक संबंधी खर्च बताकर उससे 3 हजार रुपये लिए जा चुके थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उसने कमीशन देने से इनकार कर दिया तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। उसने यह भी दावा किया है कि संबंधित व्यक्ति प्रतिदिन बैंक परिसर में एग्रीकल्चर अधिकारी की सीट पर बैठकर कार्य करता है। इस संबंध में उसके पास वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं तथा बैंक के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से भी तथ्यों की पुष्टि की जा सकती है। सुनील ने बताया कि उसने 29 मई 2026 को भी इस संबंध में शिकायत प्रस्तुत की थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते उसने पुनः उप जिला. धिकारी से शिकायत कर मामले की जांच के लिए टीम गठित करने और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि यदि किसी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्टाचार हुआ हो तो उसकी सच्चाई सामने आ सके और आम किसानों का बैंकिंग व्यवस्था पर ब्विास बना रहे।

# रोजगार पर कोई बात नहीं बस नफरत बो रही सरकार : राव नदीम



**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें रोजगार, शिक्षा और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय देश में नफरत का बीज बो रही हैं।

राव नदीम बृहस्पतिवार को गांव जौला में आयोजित सामाजिक न्याय एकता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद बुढ़ाना डाक बंगले पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार देश में नफरत पैदा कर रही है। भाजपा भाईचारा खत्म करने पर तुली है। किसान, मजदूर और छात्र हर वर्ग परेशान है और महंगाई लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि छोटे छोटे दलों को एकजुट कर हिंदू मुस्लिम एकता के बंधन को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उनके साथ राष्ट्रीय उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल और मजदूर किसान यूनियन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुक्रमपाल सिंह कश्यप समेत कई दल इस अभियान में शामिल हैं। राव नदीम ने ऐलान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी छोटे दल गठबंधन कर भाजपा को सत्ता से रो. कने के लिए चुनाव मैदान में उतरेंगे। राष्ट्रीय उदय पार्टी के अध्यक्ष बाबूराम पाल ने बताया कि 04 जून को वाराणसी में बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें जनता के सामने उनकी नीतियां रखी जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा लाशों के ढेर पर राजनीति की दुकान चला रही है जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। मजदूर किसान यूनियन के अध्यक्ष सुक्रमपाल सिंह कश्यप ने भी भाजपा को जमकर कोसा। पत्रकार वार्ता में ऑल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राव सलीम एडवोकेट, मुरसलीन जौला समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 1 जून से 30 जून तक लगेगा लोक कल्याण मेला

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना में शासन और सूडा के निर्देश पर आगामी 01 से लेकर 30 जून तक लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्देश्य छोटे पथ विक्रेताओं और वेंडरों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।



नगर पंचायत द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ये मेला प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। इसके तहत पात्र लाभार्थियों को 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक का ऋण बैंक से आसान किस्तों पर उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जिन लाभार्थियों ने पहले स्वनिधि योजना के तहत लिया गया ऋण सफलतापूर्वक चुका दिया है उन्हें क्रेडिट कार्ड भी जारी किए जाएंगे। इससे उन्हें भविष्य में बिना जमानत के और अधिक आर्थिक सहायता मिल सकेगी। भारत सरकार की मंशा है कि पथ विक्रेताओं और उनके परिवारों को योजनाओं के दायरे में लाया जाए। इसके लिए लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग का काम शुरू किया गया है। मेले में वेंडरों को डिजिटल पेमेंट के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि वे कैशलेस लेनदेन से जुड़ सकें। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे लोक कल्याण मेले में पहुंचकर इस कल्याणकारी योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

# दधेड़ू खुर्द में मकान में लगी भयंकर आग

## दमकल विभाग व ग्रामीणों ने बुझाई आग, हजारों का नुकसान

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बाद जनपद पुलिस प्रशासन अभी होटल, ऊंची इमारतों मे 'अग्नि यन्त्रों को चैक कर रहे थे और अस्पताल और अन्य विभागों को चौकन्ना करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे कि इसी बीच चरथावल क्षेत्र के गांव दधेड़ू खुर्द में एक मकान में भयकर आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया था। जिससे यहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। सूचना के कुछ देर बाद ही फायर बिग्रेड की गाडी यहां पहुंची जहां भीड ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। घंटों तक दमकल कर्मी आग की लपटों से लडते रहे। जिस समय तक आग पर काबू पाया गया, उस समय तक घर में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था।



बताया जाता है कि दधेड़ू खुर्द निवासी इकराम पुत्र अनवार के घर में अचानक ही आग लग गई थी। जिसमें घरेलू सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया।

# दरगाह बघरा में वार्षिक मजालिस हुई शुरू

**मुजफ्फरनगर।** दरगाह ए आलिया बाबुल हवाईज बघरा में चार रोज़ा मजालिस का सिलसिला ब्रहस्पतिवार से शुरू हो गया है इस की शुरुआत डॉ. हसन मेहंदी ने क़ुरान पाक कि तिलावत से की है पहली मजालिस मौलाना सलमान हैदर ने ख़िताब किया उन्होंन वर्तमान के हालात पर रोशनी डाली ओर हलाल रोज़ी को अपनाने के लिए लोगो को कहा लेकिन आज मिडल ईस्ट जंग मे झूलस रहा है यह जंग रुकनी चाहिए।

तो वही दूसरी मजालिस को मौलाना नवाज़िश रज़ा ने खिताब किया, उन्होंने बताया कि हर इंसान का किरदार ऐसा हो कि उस की पहचान हुसैनी हो नेक सच्चा मुसलमान वही है जो दिन ओर दुनिया मे अपनी पहचान अहलेबेत से कराए , ज़ीशान अली ने बताया कि ये सिलसिला चार रोज़ तक चलेगा इस मे हिंदुस्तान के मशहूर ओ मारूफ मौलाना तशरीफ़ ला रहे है तकरीबन कई लाख लोग इन को सुनने के लिए देश और विदेश से आ रहे है ये सभी लोग दरगाह ए आलिया चार दिन तक रुकेगे इन सब के रुकने के लिए कमेटी की तरफ से इंतेज़ाम किया गया है शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जर्नल सेक्रेटरी एवं प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि इस्लाम मज़हब इंसानियत का मज़हब है जिन लोगो ने हुकूमतों से मज़हब लिया है उन की वजह से इस्लाम बदनाम हुआ है ओर मज़हब मोहम्मद ओ अले मोहम्मद से लिया जाए दिन में कोई ज़बरदस्ती नही है जो यज़ीद को हीरो मानते है वो लोग वही है जो औरंगजेब को अपना हीरो मानते है वो भी उसी के नक्शे कदम पर चल रहे हैं, तो वही अगले दिनों में भारत सरकार के कुछ मंत्री और राज्य सरकार के मंत्री की आने की संभावना है। इस अवसर पर शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जर्नल सेक्रेटरी एवं प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास, पूर्व राज्य मंत्री ईसा रज़ा, मौलाना मोहम्मद मेहंदी, मौलाना गुलज़ार अब्बास, मौलाना यासुब अब्बास, मौलाना इब्ने अब्बास, मौलाना फैज़



अब्बास, मौलाना जीनान असगर , मौलाना दावार अब्बास, मौलाना हसन अख्तर, मौलाना हैदर मोलाई, तथा अध्यक्ष सरताज हुसैन, महार्सा. चव आस मोहम्मद, अकबर अब्बास, हाशिम, डॉ हसन मेहंदी शहज़ाद अली शान मो., काशिफ रज़ा, शबी अब्बास आदि मौजूद रहे

## अजीज फातिमा हाईस्कूल व कब्रिस्तान में चोरी

**बुढ़ाना।** कस्बे की हिंडन नदी के नये पुल के समीप अजीज फातिमा हाईस्कूल बुढाना और बराबर में कुरैशी समाज के लोगों के कब्रिस्तान हैं। अज्ञात चोरों ने बृहस्पतिवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में किसी समय कब्रिस्तान की दीवार फांदकर लगभग एक सौ मीटर विद्युत केबिल और स्कूल का फंट केमरा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरो ने स्कूल में भी दीवार फांदकर अपना हुनर दिखाया और यहां पर लगा हुआ कई मीटर विद्युत तार और एक सीसीटीवी कैमरा भी चोरी कर लिया। इस घटना की जानकारी प्रबंधक मौहम्मद अहमद और प्रधानाचार्य हाजी नूर मोहम्मद रिजवानी को बताया तो वे तुरंत स्कूल पहुंचे और नुकसान का आंकलन किया। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी दे दी गयी थी। पुलिस ने चोरी की इस घटना को इसलिए दर्ज नही किया क्योंकि स्कूल के संचालक और कब्रिस्तान के मोहतमिम के द्वारा कोई भी तहरीर बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी।

# मिनी बस संचालकों ने आरटीओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**मुज़फ्फ़रनगर।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा योजना को लेकर गुरुवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। योजना के तहत संचालित मिनी बसों के निजी संचालकों ने अपनी मांगों को लेकर एआरटीओ कार्यालय पर जोरदार नारेबाज़ी करते हुए जमकर हंगामा किया।

करीब 20 मिनी बसें ।त्ज्व कार्यालय परिसर में खड़ी करते हुए जबरदस्त तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। बस संचालकों ने आरोप लगाया कि विभागीय अव्यवस्थाओं और लगातार बढ़ती परेशानियों के कारण उनका व्यवसाय घाटे में पहुंच गया है। प्रदर्शन कर रहे बस संचाल. कों का कहना है कि एक तरु सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर संचालकों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि मुख्यालय तक बसों के संचालन में कई बाधाएं खड़ी की जाती हैं, ट्रैफिक पुलिस लगातार चालान करती है और बसों के लिए कोई स्थायी पार्किंग व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं है। बस मालिक संजय मलिक ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा योजना के तहत उन्होंने सभी नियमों का पालन करते हुए टेंडर लेकर बसों का संचालन शुरू किया था, लेकिन अवैध डग्गामार वाहनों के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बस स्टैंड और प्रमुख स्थानों से सवारियां उठाने में भी दिक्कतें पैदा की जाती हैं, जबकि अवैध वाहन खुलेआम सवारियां भर रहे हैं।संचालकों ने आरोप लगाया कि वैध परमिट और नियमों के तहत चलने वाली बसों पर कार्रवाई हो रही है, जबकि अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही। यही वजह है कि कई बस मालिक आर्थिक संकट में पहुंच चुके हैं।एआरटीओ अजय मिश्र ने बस संचालकों की समस्याओं को



गंभीर बताते हुए कहा कि अधिकांश मुद्दे रूट संचालन और व्यवस्थाओं से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रोडवेज अधिकारियों से भी वार्ता की गई है और समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अवैध डग्गामार वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग और यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

## ससुरालियों ने की दामाद की पिटाई

**रतनपुरी/बुढ़ाना।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर में ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा दामाद के साथ में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। अब पीड़ित सेठीलाल पुत्र महीपाल सिंह ने रतनपुरी पुलिस को तहरीर देकर न्याय मांगा। सेठीलाल ने बताया कि बीते 24 मई को उनके ससुरालिए मनोज व बालिन्द्र पुत्र अशोक व उनके चाचा महेश, निवासी तलवा माजरा जिला शामली उनके घर आए। आरो. पियों ने कहा कि सेठीलाल उनकी बहन सीमा को बहुत परेशान करता है और यह कहकर गाली गलौच करने लगे। जब सेठीलाल ने गाली देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर मौके पर ओमकार पुत्र छोटे, सेठीलाल के चाचा और ग्राम प्रधान सुरेश पुत्र खूबचन्द तथा अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। सेठीलाल का आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। मारपीट में सेठीलाल के सिर और छाती में गंभीर चोटें आई हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शामली को मिली पर्यटन विकास की बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं इको टूरिज्म को नई गति देने की दिशा में गुरुवार का दिन शामली जनपद के लिए महत्वपूर्ण रहा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद में कुल 6.39 करोड़ रुपये की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री जयवीर सिंह ने 169.89 लाख रुपये की दो पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 469.85 लाख रुपये की पांच नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास भी और विरासत भी' के मंत्र के साथ तेजी से धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, सुशासन और मजबूत कनेक्टिविटी के कारण प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिली है, जिससे स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब प्रदेश में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बना है, जिसके चलते धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोकार्पित परियोजनाओं में कैराना स्थित देवी मंदिर के पर्यटन विकास पर 96.36 लाख रुपये तथा विकास खंड इस्सोपुर टील के प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास पर 73.53 लाख रुपये की लागत शामिल है। इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही शिलान्यास की गई योजनाओं में मराठा कालीन सिद्धपीठ श्री सदा. शिव मंदिर का विकास, मामौर झील को इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करना, अटा स्थित श्री गोरखनाथ बाबा जाहरव. ीर गोगाजी स्थल, गुरुद्वारा साहिब एवं पुवारखेड़ा स्थित श्री महादेव मंदिर में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार शामिल है। मंत्री ने कहा कि शामली की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों को पर्यटन की मुख्यधारा से जोड़कर इसे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों में शामिल किया जाएगा।



इससे क्षेत्र में विकास के नए अवसर पैदा होंगे और 'विकसित उत्तर प्रदेश' का संकल्प और मजबूत होगा। इस अवसर पर एमएलसी वीरेंद्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप सहित क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुबह बादलों ने दिलाई राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले दिनों आई आंधी और बारिश के कारण जिले में मौसम सुहावना हो गया था तथा तापमान में गिरावट आने से लोगों को राहत मिली थी। हालांकि पिछले तीन-चार दिनों से मौसम साफ रहने के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार सुबह भी बादलों की आवाजाही बनी रही और हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को कुछ समय के लिए राहत का एहसास हुआ।

लेकिन सुबह करीब 10 बजे के बाद मौसम साफ हो गया और तेज धूप निकलने लगी। दोपहर होते-होते गर्मी का असर काफी बढ़ गया। तेज धूप और बढ़ी हुई उमस के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## कथित धर्मांतरण मामले की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मेडिकल व्यवसायी के पुत्र के कथित धर्मांतरण और निकाह के मामले को लेकर हिंदू संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में बघरा के स्वामी यशवीर महाराज ने सोशल मीडिया के माध्यम से बयान जारी कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। बताया जाता है कि नगर के दयानंद नगर निवासी एक मेडिकल व्यवसायी के पुत्र का नानूपुरा क्षेत्र की एक युवती से प्रेम संबंध था। बाद में दोनों के निकाह करने और युवक द्वारा धर्म परिवर्तन करने की चर्चाएं सामने आई हैं। हालांकि, इन दावों की प्रशासनिक स्तर पर कोई आधिक. ारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्वामी यशवीर महाराज ने आरोप लगाया कि युवक को प्रेम संबंधों के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया और बाद में निकाह कराया गया। उन्होंने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन से मामले की गहन जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही संबंधित पक्षों एवं निकाह कराने वाले व्यक्ति की भूमिका की भी जांच कराने की बात कही है। वहीं युवक के पिता ने कहा कि उनके पुत्र से पिछले कई वर्षों से नियमित संपर्क नहीं है। उनका कहना है कि परिवार बेटे की घर वापसी चाहता है और इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके द्वारा धर्म परिवर्तन किए जाने संबंधी चर्चाएं पूरी तरह निराधार है।

# वर्षों से मंदिर की सेवा करने वाले संत की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव ख्यावड़ी के देवी मंदिर में पिछले 12 वर्षों से सेवा कर रहे संत रंजन की विषैला पदार्थ खाने से मौत हो गई। संत की मौत के बाद जहां उनकी पत्नी सपना का रो-रोकर बुरा हाल रहा, वहीं गांव के लोगों ने भी गहरा दु:ख जताया। पुलिस की मौजूदगी में पत्नी ने किसी भी कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया तथा शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गई। संत की मौत से पूरे गांव में शोक और मंदिर परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। क्षेत्र के गांव ख्यावड़ी स्थित देवी मंदिर में रहने वाले संत रंजन की संदिग्ध परिस्थितियों में विषैला पदार्थ खाने से मौत हो गई। रंजन मूल रूप से जनपद महोबा के निवासी बताए गए हैं और पिछले करीब 12 वर्षों से परिवार सहित ख्यावड़ी के देवी मंदिर में रहकर पूजा-अर्चना और मंदिर सेवा का कार्य कर रहे थे। उनके साथ पत्नी सपना और तीन बच्चे भी मंदिर परिसर में बने आवास में रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार रंजन पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में चल रहे थे। बताया जाता है कि घटना वाले दिन वह कहीं बाहर से लौटे थे और काफी परेशान दिखाई दे रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कोई विषैला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कादरगढ़ चौकी प्रभारी अजय पाल पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक की पत्नी सपना और ग्राम वासियों ने किसी, कार्रवाई कराने अथवा पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। इसके बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर शव को पत्नी के सुपुर्द कर दिया गया, जिसे वह अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गई। संत की मौत की खबर फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि रंजन बेहद शांत, धार्मिक और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वर्षों से मंदिर की सेवा कर रहे संत का इस तरह अचानक दुनिया छोड़ जाना सभी के लिए दुखद है। मंदिर में नियमित रूप से आने वाले श्रद्धालु भी घटना से स्तब्ध हैं।वहीं पत्नी सपना का अस्पताल में रो-रोकर बुरा हाल था। पति की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। संत की मौत के बाद मंदिर परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है और ग्रामीण उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना।कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान देव. राज, बबली, रजनीश मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, 9 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव मस्तगढ़ नहर के पास गुरुवार दोपहर को एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिलाओं से भरा ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत नौ लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।ई-रिक्शा चालक विक्की ने बताया कि वह कैलखेड़ा गांव से मजदूरी कर आठ महिलाओं को लेकर थानाभवन वापस आ रहा था। दोपहर के समय जब वह नौजल गांव से पहले मस्तगढ़ गांव के पास नहर पुलिया पर पहुंचा तो



शामली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और उसमें सवार महिलाएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं।हादसे में चालक विक्की के अलावा ज्योति (25), गीता (42), पूजा (35), सरोज (55), ई श्वरी (56), मीरा (35), उमा (37)और संवत्री (60) घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन भेजा गया। वहीं चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

विक्की ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। यदि शिकायत मिलती है तो मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक दिन में तीन मौत से दहला कैराना नगर मोहल्ले में ग़म का माहोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के तीन मोहल्ले में एक साथ तीन मौतें देखते हुए कैराना नगर में ग़म का माहौल पैदा हो गया नगर के मोहल्ला आल खुर्द निवासी धोला पुत्र उमरदीन उर्फ उमराह की सड़क दुर्घटना से दिल्ली के एक हॉस्पिटल में मौत हो गई जिसकी खबर फेलते ही नगर में ग़म का माहौल पैदा हो गया जिसको देर रात्रि भूरा रोड गुज़रो के कब्रिस्तान में सप्रुदेखाक किया गया वहीं दूसरी ओर मोहल्ला आल खुर्द एक परिवार की पुत्रवधू की भी करनाल के हस्पताल में मौत हो गई जो एक सप्ताह पहले कैराना के खुरगान रोड के एक नीजी हस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया था जहां महिला की हालत



बिगड़ने पर उसको करनाल के लिए रेहफर कर दिया गया था जहां उसकी मृत्यु हो गई है दुसरी ओर मोहल्ला खेल कलां निवासी पूर्व सभासद सलीम अल्वी की माता का बिमारी के कारण देहांत हों गया है जिसको लेकर नगर में ग़म का माहौल बना रहा है जिसको देर रात्रि के समय नजदीक ही कब्रिस्तान सुंपुर्द ए खाकर कर दिया।

# ज़रूरतमंद के चेहरे पर लौटाई मुस्कान ट्राइसाइकिल की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** आज के दौर में जहां लोग अक्सर अपने स्वार्थ को प्राथमिकता देते हैं वहीं थानाभवन के भाई-बहन ने मानवता, संवे. दनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। थानाभवन निवासी बहन शीबा परवीन और उनके बड़े भाई अब्दुल वाहिद ने एक जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्ति की सहायता कर समाज के सामने सेवा और इंसानियत का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जानकारी के अनुसार करीब एक वर्ष पूर्व शीबा परवीन को सरकारी योजना के अंतर्गत एक मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त हुई थी। चूंकि उन्हें कहीं बाहर आने-जाने की आवश्यकता बहुत कम पड़ती थी इसलिए यह ट्राइसाइकिल अधिकांश समय उपयोग में नहीं आ रही थी। ऐसे में उन्होंने अपने बड़े भाई अब्दुल वाहिद के समक्ष यह इच्छा व्यक्त की कि इस ट्राइसाइकिल को किसी ऐसे व्यक्ति को दे दिया जाए जिसे वास्तव में इसकी आवश्यकता हो और जिससे उसके जीवन में कुछ राहत मिल सके। बहन की इस नेक सोच को सम्मान देते हुए अब्दुल वाहिद ने तुरंत ऐसे जरूरतमंद व्यक्ति की तलाश शुरू की। इसी दौरान उनकी नजर थानाभवन की आवास विकास कॉलोनी निवासी अनिल कुमार पर पड़ी जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं और दैनिक जीवन में आवागमन की गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे थे। उनकी परिस्थितियों को देखते हुए भाई-बहन ने बिना किसी दिखावे और स्वार्थ के मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल अनिल कुमार को सौंप दी। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद अनिल कुमार के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने भावुक होकर अब्दुल वाहिद और शीबा परवीन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ट्राइसाइकिल उनके लिए किसी उपहार से कम नहीं है।



इससे अब उनके लिए आवागमन आसान होगा और उन्हें दूसरों पर कम निर्भर रहना पड़ेगा।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी भाई-बहन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग ही मानवता की वास्तविक पहचान हैं। बिना किसी प्रचार-प्रसार और निजी लाभ की इच्छा के किसी जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर परिवहन विभाग चलाएगा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवहन विभाग जनपद में विशेष जागरूकता अभियान चलाएगा। अभियान के माध्यम से वाहन चालकों और वाहन स्वामियों को प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण तथा वाहनों के नियमित रखरखाव के प्रति जागरूक किया जाएगा।

विभाग का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाना और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रेरित करना है।

## जयंत चौधरी की रैली को सफल बनाने के लिए रालोद का जनसंपर्क अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की 10 जून को काबड़ौत में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए रालोद कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर रहे हैं तथा लोगों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील कर रहे हैं।

जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से 10 जून को आयोजित रैली में भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी जाति और वर्ग के लोगों को समान सम्मान दिया जाता है और आने वाला समय राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों और विचारधारा का है। रैली की तैयारियों के तहत पार्टी नेताओं ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान किवाना, चूनसा, बरला जाट, हसनपुर और गढ़ी श्याम समेत कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर डॉ. विक्रांत जावला, योगेश भभीसा, राजन जावला, वीर सिंह मलिक, पप्पू प्रधान भारसी, नीरज पंवार, सभासद आशु खान, शौकत जंग मौजूद रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर शीतल छाया मार्ग का उद्घाटन, राहगीरों को मिलेगी गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के मध्य रेलवे क्रॉसिंग पर निर्मित शीतल छाया मार्ग का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। नगर पालि. का चेयरमैन अरविंद संगल ने फीता काटकर इस जनहितकारी परियोजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उद्घाटन समारोह को संबो. धित करते हुए चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि शीतल छाया मार्ग का निर्माण जनसेवा और सामाजिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा



कि भीषण गर्मी में रेलवे क्रॉसिंग पर लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे उन्हें धूप और गर्मी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए छायादार मार्ग का निर्माण कराया गया है, जिससे राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए लायंस क्लब शामली क्राउन की सराहना करते हुए कहा कि क्लब के सहयोग के बिना यह परियोजना संभव नहीं हो पाती। क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल ने कहा कि नगर पालिका जनहित के कार्यों में हमेशा अग्रणी रही है। रोटी बैंक और निशुल्क बर्तन बैंक जैसी योजनाओं के बाद यह पहल भी नागरिकों के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। संयोजक प्रदीप क्विकर्मा ने कहा कि सामा. जिक संस्थाओं और सरकारी विभागों के संयुक्त प्रयासों से समा. जहित के अनेक कार्य सफलतापूर्वक किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों नागरिक, विद्यार्थी, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं, जिन्हें अब गर्मी और तेज धूप से राहत मिलेगी। इस अवसर पर सभासद विनोद तोमर, संजय संगल, डॉ. अर्जुन वर्मा, अंकुर गोयल, रुपेश गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर......

### युवती को भगाकर ले जाने के मामले में दो पक्षों में मारपीट, महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गढ़ी हसनपुर में गुरुवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में एक महिला समेत दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। सात माह पूर्व गांव निवासी अयान नामक युवक गांव की एक नाबालिग युवती को अपने साथ ले गया था। उस समय दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर पंचायत हुई थी, जिसमें युवक और युवती के पांच वर्ष तक गांव से दूर रहने की बात तय हुई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद युवक पिछले कुछ समय से गांव में आता-जाता रहा और पीड़ित परिवार के घर के आसपास भी देखा गया। आरोप है कि गुरुवार को अयान गांव के ही एक व्यक्ति को उपचार के लिए चिकित्सक के पास लेकर आया था। इसी दौरान वह पीड़ित परिवार के घर के सामने खड़ा होकर कथित रूप से फब्तियां कसने और छींटाकशी करने लगा। परिवार के लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर मामला शांत हो गया, लेकिन कुछ देर बाद युवक अपने 3-4 साथियों के साथ वापस पहुंच गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि युवक और उसके साथियों ने घर में घुसकर मारपीट की तथा महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। मारपीट में एक महिला घायल हो गई, जिसे उपचार दिलाया गया। वहीं दूसरे पक्ष का भी एक युवक घायल बताया गया है।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से जानकारी ली। बाद में दोनों पक्षों ने चौकी पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एचपीवी वैक्सीन के बारे में किया जागरूक

**थानाभवन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन में गुरुवार को एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार ने किया। उन्होंने एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, सुरक्षित मातृत्व और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में बढ़ते तापमान को देखते हुए हीट वेव से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गर्मी से बचाव, पर्याप्त पानी पीने और आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करें। इसके अलावा ओआरएस घोल और जिंक टैबलेट के वितरण तथा उनके उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।डॉ. सुशील कुमार ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एचपीवी वैक्सीन इस बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से जनजागरूकता बढ़ाने और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आहवान किया। बैठक में क्षेत्र की एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### चार मामलों में दो दोषियों को सजा, अदालत ने लगाया 6 हजार रुपये का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अपराधियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी का परिणाम सामने आया है। शामली पुलिस की सशक्त पैरवी के चलते न्यायालय ने चार अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2025 में थाना कांधला क्षेत्र में दर्ज तीन अलग-अलग मुकदमों में अभियुक्त रामकुमार उर्फ राजकुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी डंगडूगरा के विरुद्ध चोरी व अन्य धाराओं में मुकदमे पंजीकृत किए गए थे। इन मामलों में पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई। सुनवाई के उपरांत गुरुवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना ने अभियुक्त को तीनों मामलों में दोषी ठहराते हुए जेल में बिताई गई अवधि 10 माह 10 दिन की सजा सुनाई। साथ ही छह हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में सात-सात दिन के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। वहीं वर्ष 2016 में थाना कांधला में गौवध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में अभियुक्त हकीमू पुत्र गरीब निवासी गढ़ीदौलत को भी न्यायालय ने दोषी पाया। मामले में प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई एक माह की अवधि की सजा तथा 2,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड जमा न करने पर 15 दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्यायालय में प्रभावी पैरवी का क्रम लगातार जारी रहेगा, ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और दोषियों को कानून के अनुसार दंड मिल सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मणपुरा में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद सहारनपुर के तीतरो क्षेत्र के गांव महंगी निवासी रोहित उर्फ रोहताश पुत्र जयसिंह अपनी बुआ के यहां कैराना क्षेत्र के गांव बराला आया हुआ था। बताया जाता है कि बराला निवासी नरेश ने झिंझाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मणपुरा में खेत ठेके पर लिया हुआ है। बीती रात नरेश के साथ रोहित खेत पर पानी लगाने गया था, जिसके बाद सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जहां रोहित का शव देख कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना झिंझाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि मृतक की पहचान रोहित उर्फ रोहताश निवासी महंगी, थाना तीतरो के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# 21 जून तक चलेगा व्यापक जनकल्याण अभियान:दिनेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, यांत्रिक, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) तथा जनपद प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून से 21 जून 2026 तक जनपद में प्रस्तावित हृसमेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियानह् के सफल संचालन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की क्रमवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान सेवा, संस्कार, सुशासन और सम्मान की भावना के अनुरूप संचालित किया जाएगा। उन्होंने जनपद में चलने वाले सभी कार्यक्रमों में सादगी, अनुशासन, ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तिकरण तथा विकास कार्यों एवं सुशासन मॉडल को व्यापक रूप से जनता तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर (एक पेड़ मां के नाम) अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाएगा। 08 जून से 14 जून तक प्रबुद्ध वर्गों जैसे चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षक, उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम होंगे। 11 जून से 14 जून तक प्रेस वार्ताओं के माध्यम से उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। 14 जून से 16 जून तक विकास खंडों में त्रि-दिवसीय जनकल्याण मेले आयोजित होंगे, जबकि 16 से 17 जून तक विषय विशेषज्ञों द्वारा योजनाओं पर व्याख्यान एवं (विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश) विषय पर संवाद होगा। 18 से 20 जून तक योजनाओं और विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी तथा प्राकृतिक खेती से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 जून को भव्य योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में जनपद में रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर एमएलसी वीरेंद्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, विकास अग्रवाल, जिलाधिकारी आलोक यादव, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित कई अधिकारी एवं जनप्रति. निधि उपस्थित रहे।

## इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीताराम कॉलोनी स्थित एक निजी कंपनी में गुरुवार को इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक अर्चना शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने इंटर्नशिप पूरी करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्चना शर्मा ने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

एक नजर

## छह जून को होगी अर्थशास्त्र विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा

**शामली।** वीवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय शामली के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार ने जानकारी दी है कि महाविद्यालय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय कांधला के एमए चतुर्थ सेमेस्टर के अर्थशास्त्र विषय के समस्त संस्थागत छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षा 6 जून को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि यह परीक्षा अर्थशास्त्र विषय कोड 1010865 के अंतर्गत होगी, जो महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में सुबह 10 बजे से प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे समय से परीक्षा स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। प्राचार्य ने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और विभागीय स्तर पर व्यवस्था को व्यवस्थित रखा गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखें और सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## गड्ढे में पिकअप फंसी, बड़ा हादसा टला

**शामली।** गांव के गुंबद से बाबरी रोड को जोड़ने वाले मार्ग पर लंबे समय से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लगातार पानी जमा रहने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है और बीच मार्ग में बड़ा गड्ढा बन गया है। इसी खराब स्थिति के चलते आए दिन वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन जब इस मार्ग से गुजर रहा था, तभी अचानक पहिया गड्ढे में फंस गया, जिससे वाहन असंतुलित हो गया। हालांकि समय रहते वाहन को संभाल लिया गया और बड़ा हादसा होने से बच गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांव के रवि, मुदस्सिर, नीटू और धर्म सिंह ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और गड्ढा भरवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, इसलिए प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

## बनत गो संरक्षण केंद्र का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

**शामली।** वृहद गौ संरक्षण केंद्र बनत का गुरुवार को प्रबंध निदेशक प्रादेशिक कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन एवं सहारनपुर मंडल के नोडल अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं, गौवंश की देखभाल तथा अभिलेखों की बारीकी से जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान गौशाला में गौवंश के लिए पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध मिला। वहीं गौ सेवक साफ-सफाई और देखभाल के कार्यों में जुटे हुए पाए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए नोडल अधिकारी ने गौवंश को राहत प्रदान करने के लिए लगाए गए पंखों को नियमित रूप से संचा. लित रखने के निर्देश दिए। गौशाला के चारों ओर लगाए गए परदों तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थापित सीसीटीवी कैमरों का भी उन्होंने निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। गौशाला संच. ालक दिनेश कुमार ने नोडल अधिकारी के समक्ष दुर्घटनाग्रस्त एवं घायल गौवंश के लिए अलग शेड निर्माण कराने तथा गौशाला की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए तारबंदी के स्थान पर पक्की बाउंड्री वॉल बनवाने की मांग रखी। इस अवसर पर डिप्टी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. आनंद कुमार, गौशाला संचालक दिनेश कुमार, दीपेंद्र सिंह, विकास कुमार मौजूद रहे।

# पेपर लीक, महंगाई को लेकर सपाइयों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक, बढ़ती महंगाई और किसानों को यूरिया-डीएपी की कमी जैसी समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

सपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सैनी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन में कहा गया कि नीट-यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने, सीबीएसई परीक्षा परिणामों में देरी और प्रदेश में भर्तियों की प्रक्रिया लंबी खिंचने से लाखों युवा परेशान हैं। इन मुद्दों को लेकर युवाओं में भारी आक्रोश है और प्रदेशभर में आंदोलन हो रहे हैं। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय आंदोलन कर रहे छात्रों पर कार्रवाई कर रही है। वहीं बढ़ती महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा गया कि डीजल, पेट्रोल और सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों ने आम जनता का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है, जिससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। सपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को यूरिया और डीएपी की आवश्यकता है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। किसानों को उर्वरक लेने के लिए लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर युवाओं, किसानों और आम जनता से जुड़ी इन समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की। इस दौरान सुधीर पंवार, अनिल कुमार कोरी, योगेंद्र चौधरी, सचू सिंह, यासीन प्रधान, संजीव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी मजदूर संघ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सफाई कर्मचारी मजदूर संघ का रॉबिन सुपरवाइजर को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किये जाने एवं शरद सूद उर्फ सिट्टू का यूनियन का सदस्य ग्रहण करने पर उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी मजदूर संघ देवबद के अध्यक्ष सुनील झंझरवाल महामंत्री अविनाश वाल्मीकि वह यूनियन के पदाधिकारी ने सर्वसम्मति से रॉबिन सुपरवाइजर को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया वहीं शरद सूद उर्फ सिट्टू ने यूनियन की सदस्य ग्रहण की। दोनो का माला पहनाकर स्वागत व बधाई दी। रॉबिन सुपरवाइजर ने उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सबका धन्यवाद करते हुए कहा कि वह कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखते हुए एवं यूनियन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

## फांसी लगाकर खुदकुशी करने का किया प्रयास

**देवबन्द।** घरेलू कलह में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। हालांकि परिजनों ने समय रहते उसे बचा लिया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। भायला खुर्द गांव निवासी 35 वर्षीय मनोज ने कमरे में फांसी पर लटक कर खुदकुशी का प्रयास किया। गनीमत रही कि इस दौरान उसे परिजनों ने देख लिया और तुरंत ही उसे फंदे से उतार कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# गोशाला में मृत पशुओं को देखकर लोग आक्रोशित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेडा मे स्थित गौशाला में मृत पशुओ व शत विक्षत हालात मे पशुओ के अवशेषो को देखकर गौ-रक्षा दल के कार्यकर्ता ने आपत्ति जलाई और अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर जमकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहॅुची और उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। एसडीएम अधीनस्थो के साथ मौके पर पहुंचें और गौरक्षा दल के साथ हिन्दू संगठनो से जुडे लोगो को समझाकर शांत करने का प्रयास किया गया। साढे चार घंटे के बाद मृत गौवंशो को नियमानुसार दफनाने व दोषियों पर कानूनी कार्रवाई के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। इस दौरान मृत पशुओं को पोस्टमार्टम भी किया गया।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव दथेडा मे स्थित गौशाला स्थल गुरूवार की सुबह सवेरा हंगामे का स्थल बन गया। दरअसल गौरक्षा दल से जुडे रणजीत सिंह व शुभम कुमार पास के गांव से एक गाय को लेकर गौशाला मे छोडने के लिए गए थे। तभी गौशाला के केयरटेकर ने गौवंश को गाडी से उतारने से मना कर दिया। कहा गया कि पशु बीमाार है। इस पर गौरक्षको ने आपत्ति दर्ज की और कार्यशैली का विरोध किया गया। तभी गौरक्षको की गौशाला मे पडे 4-5 गौवंशो पर पडी। पास जाकर देखा गया तो पाया कि कुछ अन्य



पशुओं को दफनाया गया होगा,जो कि मिट्टी से पूर्णत: दफनाये नही गए थे और पूरे वातावरण मे गंध आ रही थी। इस पर गौरक्षक दल के लोगो ने अन्य कार्यकर्ताओं को फोन करके मौके पर बुलाया और हिन्दू संगठनो को इसकी जानकारी दी। मौके पर सैकड़ो की संख्या में हिन्दू संगठन के लोग एकत्र हो गए। हंगामे व विरोध की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का आंकलन करते हुए एसडीएम को मामले की जानक. ारी दी गई। एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरिया राजस्व विभाग के अधिकारियो के संग मौके पर पहॅुचें और पूरे मामले की जानकारी करते हुए डीपीआरओ को सूचना दी गई। पंचायत विभाग के सचिव व पशुपालन विभाग से प्रभारी चिकित्सक इमरान असांरी मौके पर पहॅुचें। डीपीआरओ संदीप अग्रवाल भी मौके पर पहॅुचें और इमरान अंसारी को लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई। एसडीएम व डीपीआरओ ने विरा. ेध करने वाले हिन्दू संगठनो के पदाधिकारियों को समझाकर मृत पशुओं की पोस्टमार्टम के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन कार्यकर्ता नही माने और दोषी अधिकारियों व ग्राम प्रधान पर कार्यवाही की मांग करने लगे और मृत पशुओं को दफनाने नही दिया गया। इस पर एसडीएम ने सभी से बातचीत की और ज्ञापन लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस दौरान गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष संजय निवासी गढी अब्दुल्ला, शुभम सहारनपुर, सावन वर्मा, अक्षय, अतुल, विशेष कुमार सैनी, बालिस्टर छाछियान आदि मौजूद रहे।

### नहीं हुई कार्रवाई को जाम होगा थानाभवन मार्ग

**चौसाना।** हिन्दू संगठन के लोगो ने एसडीएम को दिए ज्ञापन मे बताया कि अगर ग्राम प्रधान,चिकित्सक व सचिव को सस्पेंड करके विभागीय कार्यवाही नही की गई तो आने वाले सोमवार को थानाभवन मार्ग को जाम किया जायेगा।

# जहर देकर बेटे की हत्या का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुर्गा मीट कारोबारी की जहर के सेवन से मौत हो गई। परिजनों ने एक युवती समेत कई लोगों पर बेटे को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

खेड़ामुगल क्षेत्र के गांव नाफेपुर निवासी 35 वर्षीय शहजाद पिछले करीब चार वर्षों से बचीटी गांव में मुर्गा मीट की दुकान चलाता था। बुधवार देर शाम वह अपनी दुकान से घर पहुंचा। घर के दरवाजे पर पहुंचते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचानक गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे उत्तराखंड के झबरेड़ा स्थित अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते



में ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव को वापस घर ले आए। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दी। मृतक के पिता इस्लाम ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवती समेत कई लोगों पर बेटे को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा गया है कि युवती काफी समय से शहजाद के संपर्क में थी। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक शादीशुदा था और उसके दो लड़के और एक लड़की है।

### युवती व उसके परिजनों पर रुपये ऐंठने का आरोप

मृतक शहजाद के पिता इस्लाम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि जिस युवती ने बेटे को जहर देकर मारा। उसने बेटे को प्रेमजाल में फंसाकर करीब आठ लाख रुपये ऐंठ रखे थे। अब वह उस पर पांच लाख रुपये देने का लगातार दबाव बना रही थी। बताया कि शहजाद को हाईवे में गई भूमि का मुआवजा मिला हुआ था। बुधवार की सुबह दस बजे तीन लोग घर आए और बेटे को बाइक पर बैठाकर ले गए। जिसके बाद शाम को वह बिगड़ी हालत में घर पहुंचा। आरोप लगाया कि युवती और उसके परिजनों ने जहर देकर उसकी हत्या की है।

## वृद्धा की सीढ़ियों से गिरकर मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सीढियों से गिरकर वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल वृद्धा को सरकारी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव स्वजन को सौंप दिया है।

तल्हेड़ी बुजुर्ग निवासी 65 वर्षीय लच्छो गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे छत पर जाने के लिए सीढियां चढ़ रही थी। इस दौरान उसका पैर फिसला और वह जमीन पर जा गिरी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

स्वजन वृद्धा को लेकर नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंची और जानकारी ली। पुलिस ने पूछताछ के बाद शव स्वजन को सौंप दिया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**देवबन्द।** हरिद्वार दर्शन करने के लिए जा रहे बाइक पर सवार होकर तीन दोस्त जा रहे थे जब वह गलती से फ्लाईओवर पर चढ़ गए तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक युवक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सडक दुर्घटना में हुई युवक की दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गुरुवार की सुबह थाना बदरपुर फरीदाबाद निवासी 26 वर्षीय सागर पुत्र पापे अपने दोस्त संगीत और सुनीत को साथ लेकर बाइक पर सवार होकर हरिद्वार दर्शन करने जाने के लिए घर से निकला था। देवबंद वाया मंगलौर होते हुए उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचना था लेकिन वह गलती से स्टेट हाईवे 59 पर देवबंद आबादी क्षेत्र के ऊपर बने फ्लाईओवर पर चढ़ गए कुछ दूर चलने के बाद जैसे ही सागर को एहसास हुआ कि वह पुल पर गलत आ गए हैं उसने तुरंत बाइक रोक दी इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायल तीनों दोस्तों को देवबंद सीएचसी पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने सागर को मृत घोषित कर दिया जबकि संगीत और सुनीत को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक परिजनों को सूचित करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम आधार कार्ड व पैन कार्ड में **हामिद हसन** है जोकि सत्य व सही है तथा हाईस्कूल सनद में मेरा नाम **हामिद** है। मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पुकारा जाता रहा है और अब **हामिद हसन** के नाम से जाना जाता है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**हामिद हसन पुत्र जमील अहमद**
डिफेन्स कॉलोनी, बेहट रोड
सहारनपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं महताब अपने पुत्र शाने आलम व उसकी पत्नी शिबो मेरे कहने सुनने में नहीं है और मेरे साथ मारपीट करते है जिस कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी कृत्य/लेनेदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**महताब पुत्र यामिन**
**निवासी मुस्लिम कॉलोनी छुटमलपुर**
**थाना फतेपुर तहसील बेहट**
**जिला सहारनपुर (उ.प्र.)**

# भाकियू सेवक संगठन ने सीओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन





**देवबन्द।** सर्किल क्षेत्र के गांव अंबेहटा मोहन निवासी यूट्यूबर्स द्वारा मदरसों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध करने पुलिस द्वारा पांच युवकों के खिलाफ गंभीर आरोपों में कार्रवाई करने के खिलाफ भाकियू सेवक के पदाधिकारियों पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने झूठा मुकदमा वापिस नहीं लिया तो किसान यूनियन क्षेत्र के लोगों के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। भारतीय किसान यूनियन सेवक के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनित त्यागी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण सीओ कार्यालय पहुंचे। युवकों को जेल भेजने से नाराज ग्रामीणो ने सीओ कार्यालय पर नारेबाजी की। कहा कि जिस वीडियो क्रिएटर सुफियान त्यागी की रिपोर्ट पर पुलिस ने पांच युवकों को जेल भेजा है।

उसकी वीडियो में किसी भी युवक के पास हथियार नहीं थे। जबकि पुलिस ने युवकों के पास फावड़ा और बलकटी एवं दरांती दिखाकर झूठा मुकदमा बना उन्हें जेल भेज दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक युवकों पर से धारा 307 नहीं हटेगी वह धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## बालक के साथ कुकर्म का आरोप

**देवबन्द।** बालक के साथ दो युवकों द्वारा कुकर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित स्वजन ने कोतवाली में तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीती 22 मई को उसके 12 वर्षीय पुत्र को गांव के ही दो युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए थे और किसी स्थान पर जाकर उसके बेटे के साथ कुकर्म किया इतना ही नहीं उसके साथ मारपीट करते हुए इस संबंध में किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में कहा गया है कि डरे सहमे उसके बालक ने पहले तो कुछ नहीं बताया लेकिन बाद में अपने साथ हुई वहशीपन की दास्ता सुनाई। आरोप है कि घटना का पता चलने पर जब वह आरोपितों के घर पहुंची तो उसे भी जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने पूरे मामले की जांच कर आरो. पियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी कपिल देव का कहना है कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच उपरांत तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

मैंने अपना नाम ADEEBA से बदलकर ADEEBA SHAHNAWAZ रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना जाए।

ADEEBA SHAHNAWAZ
D/O SHAHNAWAZ 131
MOHALLA ABULMALI
DEOBAND SAHARANPUR

**सम्बंध विच्छेद**

मैं और मेरी पत्नी मालती तोमर अपने पुत्र आकाश तोमर व पुत्र वधू प्रियंका तलवार से परिवार सहित संबंध विच्छेद कर उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं भविष्य में इनका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

जगत सिंह तोमर पुत्र भंवर सिंह
तोमर गणपति विहार कस्बा देवबंद
जिला सहारनपुर

**सूचना**

मैं वकीला मंजूर एजुकेशन एंड चेरिटेबल ट्रस्ट पूर्व में ट्रस्ट की अध्यक्ष वकीला पत्नी मंजूर (माता) निवासी फुलासी थी सर्वसम्मति से मैं ट्रस्ट अध्यक्ष तसव्वुर अली बना तथा मेरे नाम पर ट्रस्ट की भूमि व बिल्डिंग है।

तसव्वुर अली
अध्यक्ष निवासी ग्राम फुलासी,
देवबंद।

# पूनम हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना नकुड़, स्वाट/सर्विलांस पुलिस दो दिन पूर्व हुई महिला हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना नकुड़, स्वाट/सर्विलांस पुलिस प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा, एसओजी प्रभारी सुनील शर्मा, उपनिरीक्षक देवेंद्र अधाना, उपनि. रीक्षक रविंद्र धामा, उपनिरीक्षक रणवीर सिंह के नेतृत्व में संयुक्त रूप से गश्त कर रही थी। जब पुलिस टीम अम्बेहटापीर-गंगोह बाईपास पर अम्बेहटी के पास पहुंची तो एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल को स्टार्ट करके खड़ा था जो पुलिस को देखकर ग्राम अम्बेहटी के सामने जंगल की ओर भागने लगा। कुछ दूरी पर जाकर उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ी तथा दौड़कर पोपुलर की बाड़ में घुस गया। पुलिस को समीप आता देखकर बदमाश ने पुलसि पार्टी पर फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलसि ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें बदमाश दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिसने बल प्रयोग कर दबोच लिया। घायल बदमाश की पहचान सलमान पुत्र सुलेमान निवासी मौहल्ला गाडाना कस्बा अम्बेहटा पीर थाना नकुड़ के रूप में हुई। पुलिस ने घायल को बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मोटरसाइकिल, आलाकत्ल चाकू व कान का सोने का कुंडल बरामद कर लिया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी अभिनंदन ने बताया कि दबोचे गए घायल बदमाश सलमान ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि मैं और अंकुर अच्छे दोस्त हैं तथा हम दोनों आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तथा बहुत लोगों से उधार कर्ज ले रखा है। आरोपी ने बताया कि हम दोनों ने अपना कर्ज उतारने के लिए कस्बे के व्यापारी संजय मित्तल के यहां लूट की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार हम दोनों एक जून को दोपहर बाद संजय मित्तल के घर गए थे, जहां अंकुर गुप्ता को परिचित समझकर संजय मित्तल की पत्नी ने दरवाजा खोल दिया। दरवाजा खुलते हम दोनों महिला को लेकर कमरे में चले गए तथा महिला से घर में रखी नगदी के बारे में पूछा तो महिला पैसे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी तो हमने महिला के कान के कुंडल लूट लिए। आरोपी सलमान ने बताया कि महिला ने हम दोनों को पहचान लिया था। इसलिए हमने पकड़े जाने के डर से चाकू से उसका गला रेंतकर उसकी हत्या कर दी थी।

# किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** भारतीय किसान यूनियन नई क्रांति की मासिक बैठक राष्ट्रीय मुख्यालय चंद्रपालखेड़ी में आयोजित की गई। बैठक में किसानों व आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इतना ही नहीं समय से उनके समाधान की भी मांग उठाई गई।

यहां चन्द्रपाल खेड़ी में हुई किसानों की बैठक के उपरांत संगठन के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकरों पर रैंप निर्माण कराने तथा हाईवे पुल के नीचे बने गड्ढों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि स्पीड ब्रेकरों पर रैंप न होने के कारण वाहन चालकों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं हाईवे पुल के नीचे बने गड्ढों से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

बैठक में ब्लॉक मंत्री सादिक राणा, इंतजार मलिक, अखलाक निजामी, नगर अध्यक्ष यश मित्तल, चौधरी अवनीश, जिला अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह तथा राष्ट्रीय महासचिव सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएमओ के निरीक्षण में कर्मचारी मिले उपस्थित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं तथा कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया गया।

गुरुवार की सुबह अचानक सीएमओ डॉक्टर प्रवीण कुमार, एसीएमओ डॉ. कपिल देव के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहट पहुंचे। उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजेंद्र सहित सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय डॉ. तुलसी, डॉ. प्रशांत, फार्मासिस्ट अशोक कुमार, फार्मासिस्ट सुनील कुमार, वार्ड बॉय विनोद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अस्पताल में साफ-सफाई, दवा वितरण एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। औचक निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी उपस्थित पाए जाने पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया।

## वारंटी गिरफ्तार

**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय सहारनपुर द्वारा जारी किये गये वारंट के आधार पर दहेज उत्पीड़न के मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा को लेकर न्यायालय सहारनपुर में दायर वाद में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण जेएम द्वितीय द्वारा जारी किये गये वारंट के आधार पर तय समयावधि में दो वारंटियों अहकाम पुत्र मोहसीन व सद्दाम हुसैन पुत्र महफूज उर्फ फूजा निवासी ग्राम शेखपुरा नानौली थाना बेहट को ग्राम शेखपुरा से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# पुल निर्माण तक भूख हड़ताल जारी रखने का ऐलान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मसखरा नदी पर पुल बनवाए जाने की मांग को लेकर ग्राम मुर्तजापुर के ग्रामीण लगातार चौथे दिन भी भूख हड़ताल पर रहे। हालांकि चौथे दिन सेतु निगम के अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम धरना स्थल पर पहुंचे लेकिन ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक पुल निर्माण नहीं तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

गुरुवार को चौथे दिन भी मसखरा नदी पर पुल बनवाए जाने की मांग को लेकरयुवा एकता सेवा समिति संगठन प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी, ब्रजभूसन सैनी, समय सिंह सैनी, काशी राम सैनी और खड़्क सिंह भूख हड़ताल पर रहे। चौथे दिन सेतु निगम के अधिकारी कुछ दस्तावेज लेकर धरना स्थल पर पहुंचे। युवा एकता सेवा समिति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी ने बताया कि अभी कार्य योजना में ही शामिल नहीं किया गया है। जबकि 2024 लोकसभा चुनाव मे के दौरान लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बिर्जेश सिंह ने उनसे पुल निर्माण का वायदा किया था। सेतु निगम के अधिकारी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से मंजूरी मिलने के बाद उनकी तरफ से कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि जब तक पुल निर्माण नहीं होता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी धरना स्थल पर जाकर भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान धरना स्थल पर कवरपाल सैनी, संदीप सैनी, रामकुमार, दीपक पहलसिंह सैनी, रोहतास सैनी, राहुल, मोतीराम शेरपाल सैनी, महेंद्र सैनी, जगदीश सुरेन्द्र सैनी सतीश सैनी, भोला सैनी, निगम सैनी, अजय, गजे सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग भगाने वाला पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने गुरुवार को इस घटना के नामजद और वांछित आरोपी हिमांशु, पुत्र स्व. पहल सिंह निवासी बिशनपुर, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर को कस्बा छुटमलपुर के गांगाली कट से गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है।

वादिया द्वारा थाना फतेहपुर पर दी गई लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्त हिमांशु के खिलाफ अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसमें विवेचना के दौरान पीड़िता के बयानों और उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के आधार पर मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 64(1) बीएनएस तथा 5एल/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई थी। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले गया था और अपनी गलती के लिए माफी की मांग की। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के साथ उपनिरीक्षक सजल कुमार तथा रि. कांस्टेबल रवि कुमार शामिल रहे, जिनके द्वारा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# रोजगार सेवकों ने ज्ञापन सौंप समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** उत्तर प्रदेश रोजगार सेवक संघ की ब्लॉक साढ़ौली कदीम इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों के समाधान की मांग की। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।



गुरुवार को उत्तर प्रदेश रोजगार सेवक संघ की ब्लॉक साढ़ौली कदीम इकाई के अध्यक्ष योगेश चौधरी, उपाध्यक्ष कुशल पाल सैनी, महामंत्री निगम गुर्जर की अगुवाई में बीडीओ योगेंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश भर के ग्राम रोजगार सेवक पिछले 13 महीनों से मानदेय वृद्धि का इंतजार कर रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अधिकारियों द्वारा लगातार कार्यों का दबाव बनाया जाता है, जबकि ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाता। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार मांगें उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में ग्राम रोजगार सेवकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालो में अजीत चौधरी कम्प्यूटर ऑपरेटर, मोहमद आलम, लक्ष्मण, प्रदीप, डॉक्टर पवन, बृजेश गर्ग, यशपाल डॉक्टर, तकनीकी सहायक राजेश वकील, सुशील राणा, सुभाष, अशोक कुमार, संजय भाटी महेश शर्मा आदि शामिल रहे।

# 10 हजार की रिश्वत लेते दरोगा धरा

**गंगोह।** थाना तीतरो में तैनात एक दरोगा को गुरुवार दोपहर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सहारनपुर एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी शिकायतकर्ता से उसके खिलाफ दिए गए प्रार्थना पत्र के निस्तारण के बदले धनराशि की मांग कर रहा था। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई।

जानकारी के अनुसार असावगढ़ निवासी मुकेश कुमार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि उसके खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए एक प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए उपनि. रीक्षक देशपाल सिंह 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत मिलने के बाद संगठन ने मामले का सत्यापन कराया। आरा. ेप सही पाए जाने पर विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई की योजना बनाई गई। भ्रष्टाचार निवारण संगठन सहारनपुर मंडल के निरीक्षक कुशलवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार को तीतरों थाने के बाहर जाल बिछाया। दोपहर करीब 12 आरा. ेपी उपनिरीक्षक को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार उपनिरीक्षक देशपाल सिंह मूल रूप से बागपत जनपद के काकोर गांव का निवासी बताया गया है। वर्तमान में वह तीतरों थाना परिसर स्थित सरकारी आवास में रह रहा था और वहीं तैनात था।

# कथा सुनने को उमड़ी रही भारी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** शिवालय महादेव मंदिर में श्री राधे गोविंद सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह के चौथे दिन भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा प्रवा. हत हुई।

कथा व्यास आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने संत समागम एवं भगवान ऋषभदेव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि संतों और महापुरुषों की सेवा मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है तथा मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। उन्होंने कहा कि जो निष्क्रोध, शांत और परमहंस स्वभाव के होते हैं वही सच्चे गुरु कहलाते हैं। आचार्य शुक्ल ने बताया कि भगवान ऋषभदेव ने त्याग, वैराग्य और ब्रह्मचर्य का आदर्श स्थापित कर मानव समाज को धर्म और आत्मकल्याण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मंत्रों के जप में भले ही विधि विधान और भेद हों लेकिन भगवान के नाम स्मरण पर सभी का समान अधिकार है। कथा के दौरान चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता ने गुरुदेव को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वित. रित किया गया। कथा में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# ग्राम संसद में पौधा लगाने व संरक्षित करने का दिया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मॉडल गांव चकवाली के ग्राम संसद भवन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामभरोस सारण ने पौधारोपण कर पर्यावरण संतुलन और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हर व्यक्ति को एक पौधा लगाने व उसे वृक्ष बनाने तक संरक्षित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा के विशेष महत्व को रेखांकित करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने गांव में बन रहे भारत अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान सविता देवी व प्रतिनिधि नकुल चौधरी ने उन्हें सरोवर, ग्राम संसद भवन और गांव के अन्य विकास कार्यों की जानकारी दी।कार्यक्रम के समापन पर वहां मौजूद सभी ग्रामीणों और उपस्थित लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा के लिए इस पौधारोपण अभियान को पूरी तरह सफल बनाने और समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## दो आरोपी जेल भेजे

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने जान से मारने की नियत से हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया की कुछ दिन पहले खेत मे पानी भरने को. लेकर विवाद हो गया था जिसमे मनीष उर्फ बंटी, विशाल उर्फ धोलू निवासी चौरादेव ने संजय यादव को जान से मारने का प्रयास किया व जान से मरने की धमकी देते हुए वहा से फरार हो गए थे। पुलिस ने मुखबिर की सुचना और दोनों आरोपियों

**सूचना**

मैने अपना नाम लियाकत से बदलकर मौ लियाकत रख लिया है, भविष्य में मुझे मौ लियाकत पुत्र सफी के नाम से ही जाना जाये

**मौ लियाकत पुत्र सफी मकान नं.1217 गांव बर्था कायस्थ, सहारनपुर पिन कोड 247231**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नं. 612804712826 में त्रुटिवश मेरा घरेलू नाम धरमू (DHARMU) गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम धर्म सिंह है। जो मेरे स्थाई निवास प्रमाण-पत्र सं. UK25ES0100443216 में भी दर्ज है। भविष्य में मुझे धर्म सिंह पुत्र इन्द्र सिंह के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**धर्म सिंह पुत्र इन्द्र सिंह निवासी गॉव बन्जारेवाला टांको सुन्दरपुर रुड़की जिला-हरिद्वार उत्तराखण्ड।**

# एनसीसी शिविर में कैडेट्स को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 83 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल नविंदर सिंह मान सेना मेडल के नेतृत्व में चल रहे दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय की मेडिकल टीम के द्वारा कैडेट्स को प्राथमिक चिकित्साा विषय पर संभाषण एवं साफ सफाई संबंधी जानकारी दी गई,साथ ही स्वास्थ्य की देखभाल, नशीली दावों के सेवन एवं तंबाकू से होने वाले नुकसान व बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

देवभूमि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट बेरी जमापुर में आयोजित शिविर के चौथे दिन की शुरुआत पीटी परेड और योगाभ्यास से हुई। सूब. ेदार मेजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस कैंप में कैडेट्स का आई जी सी एवं आरडीसी हेतु चयन होना है जिसके माध्यम से कैडेट्स को राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करने का अवसर मिलेगा। इसको ध्यान में रखते हुए कैंप एडजुडेंट कैप्टन राजेश कुमार, कैप्टन मनीष कुमार जायसवाल, कैप्टन सुभाष की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत संगीत एवं नृत्य का अभ्यास कराया गया। चीफ ऑफिसर ब्रिजेश पुंडीर ने कैडेट्स को सुरक्षा सेवा प्रणाली में एबीसी सर्टिफिकेट से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। लेफ्टिनेंट प्रवीण कुमार, सूबेदार सतीश थापा, हवलदार नरेंद्र कुमार,की देखरेख में एनसीसी कैडेटो ने खेलकूद का अभ्यास किया। सूबेदार नक्षत्र सिंह एवं हवलदार देवसिंह ने कैडेट्स को टेंट लगाना सिखाए जसवीर सिंह ने क्रेडिट को हथियार के बारे में जानकारी दी हवलदार गोविंद थापा ने मैप और जीपीएस के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विधालयों से आए लगभग 500 कैडेट्स मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधन एवं प्रशासन का कैंप के संचालन में बहुत सहयोग रहा है।

## पेड़ जीवन का आधार: शालू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** वन्दे मातरम् राष्ट्रीय सेविका समिति ने बाईपास रोड स्थित शिव मंदिर प्रांगण में एक सार्थक एवं प्रेरणास्पद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में समिति अध्यक्षा शालू चौधरी के नेतृत्व में सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्षा ने कहा कि वृक्ष केवल छाया नहीं देते, वे हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार हैं। प्रत्येक पेड़ एक संकल्प है एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भविष्य का। समिति की कोषाध्यक्षा रुपाली अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण को बचाना किसी एक संगठन का नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है।

# रजिस्ट्री कार्यालय स्थानान्तरण प्रस्ताव का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बार एसोसिएशन की आयोजित आपातकालीन बैठक में उपनिबंधन (रजिस्ट्री) कार्यालय को तहसील परिसर से बाहर स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया गया।

यहां तहसील बार रूम में हुई बैठक में बार अध्यक्ष संजय शर्मा, महासचिव अरविंद राठी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रेश त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रस्तावित स्थान खसरा संख्या 533 पर स्थित है जहां लगभग चार फुट गहरा गड्ढा है तथा वर्तमान में नगर पालिका द्वारा कूड़ा डंपिंग का कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि वहां पहुंचने के लिए मात्र 10 फुट चौड़ा संकीर्ण मार्ग है जिससे आम जनता और अधिवक्ताओं को भारी असुविधा उठानी पड़ेगी।

बैठक में मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शुक्रवार को तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय, न्यायालयों तथा अन्य कार्यालयों की तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बार अध्यक्ष ने दस्तावेज लेखकों, मुंशियों, स्टाम्प विक्रेताओं और क्षेत्रवासियों से आंदोलन में सहयोग की अपील की।

# महिला टी-20 विश्वकप में टूटेंगे कई बड़े रिकॉर्ड!

**10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट, सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप कई बड़े रिकॉर्ड टूटेंगे वहीं अन्य रिकॉर्ड भी कायम होंगे। इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनने वाला है, जिसमें सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और साथ ही रिकॉर्ड पुरस्कार राशि भी दांव पर लगी है। हालांकि इस टूर्नामेंट के अब तक का सबसे कड़ा मुकाबला वाला टी-20 विश्व कप होने की उम्मीद है, लेकिन इस बड़े मंच पर कई ऐसे रिकॉर्ड भी टूट सकते हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

आगामी टूर्नामेंट में ए अहम पड़ाव पार किए जा सकते हैं:- आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार ऑलराउंडर एलिसे पेरी के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक (47) मैच खेलने का रिकॉर्ड है और वह इस टी-20 विश्वकप का एक ऐतिहासिंक रिकॉर्ड बनाने की कगार पर हैं। पेरी पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में, टूर्नामेंट के इतिहास में 50 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र तीन मैच दूर हैं। पेरी इस प्रतियोगिता में सबसे सफल खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगी, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की उन छह टीमों का हिस्सा रही हैं जिन्होंने खिताब जीता है। 35 साल की पेरी उन




सात खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं और जिन्होंने पिछले सभी नौ संस्करणों में खेला है। पेरी के अलावा, हरमनप्रीत कौर (भारत), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका), मैरीजॉन कैप (दक्षिण अफ्रीका), स्टेफनी टेलर (वेस्ट इंडीज), सोफी डिवाइन और सूजी बिट्स (न्यूजीलैंड) भी इस टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में अपनी 10वीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर टी-20 इतिहास (पुरु और महिला) में 200 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र चार मैच दूर हैं। कौर ने भारत के लिए 196 मैच खेले हैं, संयोग से उन्होंने भारत के लिए अपना टी-20 पर्दापण 2009 के महिला टी-20 विश्वकप में किया था, जो इंग्लैंड में ही खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन शूट को महिला टी-20 विश्वकप में 50 विकेट का आंकड़ा छूने के लिए मात्र दो और विकेटों की जरूरत है। शूट ने इस टूर्नामेंट के पांच संस्करण खेले। उनके नाम 29 मैचों में 48 विकेट लेने का शानदार रिकॉर्ड है, उनका औसत 11.72 और इकॉनमी रेट 5.65 है। इस खास मुकाम के करीब पहुंचने वाली एक और खिलाड़ी हैं दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, जिन्होंने इस गर्मी में होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम में वापसी की है। इस्माइल ने 2009 में हुए पहले टी-20 विश्वकप में भी खेला था, के नाम इस टूर्नामेंट के 32 मैचों में 43 विकेट हैं। न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बिट्स ने पहले ही घोणा कर दी है कि यह आने वाला टूर्नामेंट उनका आखिरी होगा। इस खेल की एक दिग्गज खिलाड़ी, बिट्स, टी-20 में 5000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी (पुरु और महिला क्रिकेट दोनों में) बनने से मात्र 280 रन दूर हैं। 2007 में अपना पर्दापण करने वाली व्हाइट फर्न्स की इस ओपनर ने 183 मैचों में ए रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। आगामी टूर्नामेंट में तीन कप्तान - लौरा वोल्वाड्र्ट, हेले मैथ्यूज और चामरी अटापट्टू के नाम टी-20 में तीन-तीन शतक दर्ज हैं। जैसे-जैसे उनके बल्ले से रन बरसेंगे, ए तीनों इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने की दौड़ में शामिल हो जाएंगी( यह रिकॉर्ड अभी यूएई की ईशा ओजा (5) के नाम है। इंग्लैंड की बेहतरीन स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन मेजबान टीम के लिए एक तुरुप का पत्ता साबित होंगी। 104 मैचों में 144 विकेट लेने का उनका शानदार प्रदर्शन इस बात को साबित करता है कि इंग्लैंड को उन पर कितना भरोसा है, साथ ही, एक्लेस्टोन महिला टी-20 में 150 विकेट लेने वाली इंग्लैंड की पहली गें. दबाज बन जाएंगी। मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के लिए, इस टूर्नामेंट में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने का मौका है। अगर व्हाइट फर्न्स अपना खिताब बचाने में कामयाब हो जाती हैं, तो वे ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन जाएंगी। महिला टी-20 विश्वकप का खिताब एक से ज्यादा बार जीतने वाली एकमात्र टीम ऑस्ट्रेलिया है, उसने दो मौकों पर लगातार तीन-तीन बार यह खिताब जीता है, जिससे उसके कुल खिताबों की संख्या छह हो गई है। अभी, भारत की दीप्ति शर्मा महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं, उनके नाम 166 विकेट हैं। छह बार की विजेता टीम के पास इंग्लैंड और वेल्स में अपने रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने का एक और मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी जीती थी, और सातवां टी-20 विश्वकप खिताब जीतने का मतलब होगा कि वे महिला क्रिकेट विश्वकप में अपनी जीत की बराबरी कर लेंगे। जो किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए सबसे अधिक जीत का रिकॉर्ड है।

## एन से यंग से हारकर सिंधु हुई इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिटंन खिलाड़ी पीवी सिंधु को प्री क्वार्टर फाइनल में महिला ओलंपिक चैंपियन एन से यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ इंडोनेशिया ओपन में उनका सफर समाप्त हो गया। आज यहां खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की बैडमिटंन खिलाड़ी ने दो बार की ओपलंपिक पदक विजेता सिंध के खिलाफ 44 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कोरियाई खिलाड़ी का अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड 9-0 हो गया है।पहला गेम बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन 16-16 के स्कोर के बाद टॉप सीड खिलाड़ी ने बढ़त बना ली और अगले छह में से पांच अंक अर्जित कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी पूरी तरह से हावी रहीं और शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी।

## खेल विशेष

### बंगलादेश के तेज गेंदबाजी कोच शॉन टेट ने पद छोड़ा

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच शॉट टेट ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बंगलादेश के तेज गेंदबा. जी कोच शॉन टेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह पहले ही कह चुके है कि वे इस पद पर आगे काम नहीं करेंगे। टेट ने कहा कि हां, मैंने इस्तीफा दे दिया है। लेकिन उन्होंने इसके बारे में और कुछ नहीं बताया। टेट का बंगलाद. श क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ अनुबंध 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक था। उन्होंने मई 2025 में टीम जॉइन की थी और बंगलादेश के साथ उनका कार्यकाल बेहद सफल रहा। युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा को तराशने में उनकी भूमिका की तारीफ हुई है। नाहिद अपनी जबरदस्त रफ्तार की वजह से हाल के सालों में बंगलादेश क्रिकेट के सबसे उभरते सिंतारों में से एक बन गए हैं।

### उरुग्वे ने चोटिल डी अर्रास्केटा को वर्ल्ड कप टीम में रखा

**मोंटेवीडिया, वार्ता।** उरुग्वे फुटबॉल एसोसिंएशन (एयूएफ) ने बताया कि मिडफील्डर जियोर्जियन डी अर्रास्केटा पैर की मांसपेशियों में खिचाव के बावजूद फीफा विश्व कप के लिए उरुग्वे की टीम का हिस्सा बने रहेंगे। एयूएफ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जरूरी परीक्षण किए गए और मामले का पूरी तरह से आकलन किया गया, जिसके बाद यह निर्का निकला कि वह विश्व. कप टीम का हिस्सा बना रहेंगे। हालांकि, एसोसिंएशन ने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। उल्लेखनीय है कि 32 वीर्य खिलाड़ी ने मंगलवार को अभ्यास बंद कर दिया था और बाद में हुई चिकित्सीय जांच में उनके दाहिने पैर की पिडली में ग्रेड-2 का खिचाव पाया गया। डी अर्रास्केटा, जिन्होंने उरुग्वे के लिए अब तक 59 मैच खेले हैं।

### ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट शुरुआती मैच के लिए फिट, बल्लेबाजी करेंगी

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एजबेस्टन में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगी। साइवर-ब्रंट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कार्डिफ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के दो अभ्यास मैचों में भी खेलेंगी लेकिन वह उन मैचों में गें. दबाजी नहीं करेंगी और शायद पूरे टूर्नामेंट में अधिकतर समय एक विशोज्ञ बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगी। उन्होंने कहा कि शायद टूर्नामेंट में आगे चलकर, मुझे कुछ ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत पड़ सकती है लेकिन हमारे पास एक ऐसा गेंदबाजी लाइन-अप है जो हर तरह से मजबूत है। इसलिए शायद मुझे गेंदबाजी की जरूरत न पड़े लेकिन हम इस बारे में आगे चलकर फैसला लेंगे।

## प्रतिनिधिमंडल जांच के नतीजे व टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने गुरुवार को स्पट किया कि उसका दो-सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी शामिल है, उचित समय पर बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की स्थिति की जांच के नतीजे और टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद द्वारा नियुक्त दो-सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें आईसीसी बोर्ड के निदेशक डा. मोहम्मद ए-एस- मूसाजी (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) और तावेंग. वा मुखुलानी (जिम्बाब्वे क्रिकेट) शामिल थे, ने हाल ही में बंगलादेश का दौरा किया। इसका मकसद बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से जुड़े घटनाक्रमों की समीक्षा करने के लिए विभिन्न हितधारकों से बातचीत करना था। इसमें कहा गया कि आईसीसी यह स्पट करना चाहता है कि प्रतिनिधिमंडल अपनी जांच के नतीजे और टिप्पणियां उचित समय पर आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा और इस मामले पर मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करेगा। इसलिए, इस दौरे के संबंध में मीडिया में आई कोई भी रिपोर्ट, टिप्पणी या दावा महज अटकलबाजी है और वह आईसीसी की आधिकारिक स्थिति को नहीं दर्शाता। बुलबुल के नेतृत्व वाली कमेटी के दावे महज अटकलबाजी पर आधारित हैं। आईसीसी के दो सस्ईय प्रतिनिधिमंडलने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से पहले प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात कर हाल के घटनाक्रम पर चर्चा की। आईसीसी बोर्ड के दो प्रतिनिधि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी, एक जून को बंगलादेश पहुंचे और उन्होंने अपने आगमन के दिन ही तदर्थ बोर्ड के प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात की।

## सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में अय्यर, ईशान व तिलक वर्मा

**माना जा रहा है तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं**

**मुंबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव को भारत की टी 20 टीम की कप्तानी से हटाए जाने की तैयारी है, इसलिए उनकी जगह लेने के लिए तीन नाम सबसे आगे चल रहे हैं।

माना जा रहा है कि तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं। चयनकर्ताओं की मुंबई में शनिवार को बैठक होनी है, जिसमें कप्तानी में बदलाव को औपचारिक रूप से





मंजूरी मिलने की उम्मीद है। संजू सैमसन, जिनका नाम मीडिया की अटकलों में प्रमुखता से सामने आया है,

उनके अंतिम सूची में जगह बनाने की संभावना कम ही है। पसंदीदा उम्मीदवार पर अभी तक कोई एक राय नहीं बनी है, लेकिन चयनकर्ता लंबी अवधि की उत्तराधिकार योजना को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं, इसमें न केवल 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक शामिल हैं, बल्कि ओलंपिक के कुछ महीनों बाद होने वाला अगला टी 20 विश्व कप भी शामिल है। अगर युवा दावेदारों में से किसी एक - तिलक (23) या ईशान (27)- को कप्तानी सौंप दी जाती है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी। हालांकि, अय्यर (31) भी दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पंजाब किंग्स में नई जान फूंकी और 2025 में टीम को एक शानदार सीजन तक पहुंचाया। यह एक अलग बात है कि पंजाब किंग्स इस साल धमाकेदार शुरुआत के बावजूद प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही।

## मेरा पूरा ध्यान अब रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर है: कुलदीप यादव

**भारतीय स्पीनर ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर विचार साझा किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के साथ टाटा आईपीएल को खत्म करने के बाद, भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव एक लंबे टेस्ट सीजन के लिए कमर कस रहे हैं, जिसकी शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से होने वाले एकमात्र मैच से होगी। जियो हॉटस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर , कुलदीप ने अपनी तैयारियों, व्हाइट-बॉल से रेड-बॉल क्रिकेट में मानसिंक बदलाव, और एक आक्रामक स्पिनर के तौर पर अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की।




कुलदीप यादव ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें वह बॉलिंग अटैक में मुख्य स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान टेस्ट मैच के लिए तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। अब तक हमारे दो नेट सेशन हो चुके हैं। हां, जड्डू भाई (जडेजा) टीम में नहीं हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी हैं। हमें अक्षर पटेल की कमी भी खलेगी। लेकिन तैयारियां अच्छी रही हैं। युवा खिलाड़ी हां दुबे और मानव सुथार यहां मौजूद हैं। वॉशिंगटन सुंदर भी अब नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए वह टीम के माहौल में पूरी तरह से ढल चुके हैं। पिछले दो सालों से वे इंडिया 'ए' के दौरों का हिस्सा रहे हैं। वे नियमित रूप से दलीप ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी भी खेल रहे हैं। हो सकता है कि उनके पास अंतर्राष्ट्रीय अनुभव की कमी हो, लेकिन जब रेड-बॉल क्रिकेट की तैयारियों और मैच की समझ की बात आती है, तो वे बिल्कुल अव्वल दर्जे के हैं, क्योंकि वे लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर पूरी तरह से फोकस करने के बारे में उन्होंने कहा कि एक अटैकिंग स्पिनर के तौर पर, मैं टीम के लिए रेगुलर ब्रेकथ्रू दिलाना चाहता हूं।

## स्कॉटलैंड की महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से नीदरलैंड्स को 24 रन से हराया

**एडिनबर्ग, वार्ता।** कप्तान कैथरीन ब्राइस (63/ एक विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर स्कॉटलैंड की महिला टीम ने बुधवार रात खेले गए बारिश प्रभावित मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत नीदरलैंड्स को 24 रन से हरा दिया। महिला विश्वकप पहले खेले जा रहे त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में कप्तान कैथरीन ब्राइस इस मैच की स्टार बल्लेबाज रहीं।

?उन्होंने अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। एडिनबर्ग के ग्रेंज क्रिकेट क्लब में खेले गए इस मैच में उन्होंने सबसे अधिक 63 रन बनाए और फिर एक विकेट लेकर स्कॉटलैंड की जीत की अगुवाई की। बारिश के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई, जिसके बाद नीदरलैंड्स ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारिश की वजह से यह मैच दोनों टीमों के लिए 12-12 ओवर का कर दिया गया था। कैथरीन फेजर ने अच्छी शुरुआत की और पहले ही ओवर में एक छक्का जड़ा, लेकिन हीथर सीगर्स ने अगले ही ओवर में डार्सी कार्टर को आउट कर दिया। कैथरीन ब्राइस ने क्रीज पर जमने में जरा भी देर नहीं लगाई, उन्होंने सिंल्वर सीगर्स के ओवर में दो चौके जड़े, जिसके बाद फेजर ने भी इसाबेल वैन डेर वोनिंग के ओवर में ठीक वैसा ही किया। इसके बाद ब्राइस ने दो और चौके जड़े, और छठे ओवर की शुरुआत में ही स्कॉटलैंड का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया। कैरोलीन डी लांगे ने फ्रेजर को 29 रन पर आउट कर दिया, लेकिन ब्राइस को रोकना नामुमकिन था। उन्होंने चौके-छक्के लगाते हुए केवल 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

कैथरीन की बहन सारा (12 गेंदों में नाबाद 23 रन) ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों बहनों ने मिलकर 10वें ओवर में हीथर के ओवर से 17 रन बटोरे, जिससे स्कॉटलैंड का स्कोर ओवर खत्म होने तक 110 रन तक पहुंच गया। आइरिस ज्वलिंग ने कैथरीन को आउट कर दिया, जिससे ब्राइस बहनों की 58 रन की साझेदारी टूट गई। इसके बाद 10 गेंदों का एक ऐसा दौर आया जब स्कॉटलैंड की टीम कोई भी चौका नहीं जड़ पाई, लेकिन फिर भी वे बोर्ड पर 124 रन का एक मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रहे। कप्तान गेंदबाजी में भी पीछे नहीं रहीं, उन्होंने दूसरे ओवर में फीबी मोल्केनबोअर को केवल तीन रन देकर आउट कर दिया। हीथर सिंगर्स ने तीन चौके लगाए, लेकिन 15 रन बनाकर आउट हो गईं।

## उभरते सितारे विश्व और प्रिया टॉप 3 में शामिल, जैस्मीन नम्बर 1 पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई चैंपियन प्रिया घनघस और विश्वनाथ सुरेश अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप तीन में पहुंच गए हैं, जबकि जैस्मीन लंबोरिया महिलाओं की 57 किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 पर पहुंच गई हैं।

नई वर्ल्ड बॉक्सिग रैंकिंग में भारत ने अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी है। देश के दुनिया के अग्रणी बॉक्सिग देशों में से एक बनने की झलक दिखाते हुए, भारतीय मुक्केबाज महिलाओं की 10 में से 9 वजन कैटेगरी और पुरुों की 10 में से 8 कैटेगरी में टॉप 10 में शामिल रहे। महिलाओं के वर्ग में, मीनाक्षी ने 48किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 के तौर पर अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि प्रीति नम्बर 3 पर पहुंच गईं। अरुंधति चौधरी (70किंग्रा), पूजा रानी (80किंग्रा), और नूपुर ( 80किंग्रा) सभी वर्ल्ड नम्बर 2 पर रहीं, जो भारी वजन कैटेगरी में भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। जानी-मानी सिंतारे निकहत जरीन (51किंग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75किंग्रा) ने भी दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। पुरुों की टीम ने भी वैसी ही निरंतरता दिखाई। सचिन और नरेंद्र लगातार अंतर्राट्रीय सफलता के बाद टॉप 5 में शामिल हो गए, जबकि हितेश गुलिया (70किंग्रा) ने अपनी नम्बर 6 रैंकिंग बनाए रखी और अविनाश जमवाल (65किंग्रा) दुनिया में आठवें स्थान पर रहे।

## श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 41 रनों से हराया

**इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1.0 से बढ़त बना ली है**

**किंगस्टन, वार्ता।** कप्तान कुसल मेंडिस (72), पथुम निसंका (79) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पर श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले एकदिवसीय मुकाबले में 41 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

कुसल मेंडिस को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ मैच' का पुरस्कार मिला। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी




आक्रमण के आगे टिक कर नहीं खेल सके और पूरी टीम 49-2 ओवरों में 262 रनों के स्कोर पर सिंमट गई। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और जस्टिन ग्रीब्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत दिलाई। सातवें ओवर में जॉन कैंपबेल (17) के रन आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ाई और उसने अपना दूसरा विकेट भी जल्द गंवा दिया। 10वें ओवर में महीश तीक्षणा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे जस्टिन ग्रीब्स (45) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान शाई होप ने केसी कार्टी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर असिंता फर्नांडो ने केसी कार्टी (27) को अपना शिकार बना लिया। शरफेन रदरफोर्ड (पांच) रन बनाकर आउट हुए।

31वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने अपना अर्धशतक बना चुके शाई होप को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 66 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। इसके बाद 40वें ओवर में महीश तीक्षण ने गुडाकेश मोती (22) का शिकार कर लिया। रॉस्टन चेज (33), अल्जारी जोसेफ (शून्य), मैथ्यू फोर्ड (15) रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर की दूसरी गेंद पर चरित असलंका ने जेडेन सील्स (दो) को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी का 262 के स्कोर पर अंत कर दिया। श्रीलंका की ओर से दुश्मांता चमीरा ने चार विकेट लिए। महीश तीक्षणा को दो विकेट मिले। असिंता फर्नांडो, वानिंदु हसरंगा और चरित असलंका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 303 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने 103 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए 79 रन बनाए। कप्तान कुसल मेंडिस ने 62 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चरित असलंका ने (45), जनित लियानगे (नाबाद 44), पवन रत्नायके (24) और कामिंदु मेंडिस (12) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स, मैथ्यू फोर्ड और रॉस्टन चेज ने दो-दो विकेट लिए।

# दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें: सुनील

## प्रभारी मंत्री ने की केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए व्यापक एवं भव्य रणनीति बनाई जाए। अधिकारियों द्वारा सौंपे गये उत्तरदायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

प्रभारी मंत्री श्री शर्मा आज सर्किट हाउस सभागार में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान, 8 से 14 जून तक विशेष जन-सम्पर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम, 11 से 14 जून तक मीडिया संबोधन एवं संवाद, 14 से 16 जून तक जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला, 16 से 17 जून विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी, 18 से 19 जून प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं एवं 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा। श्री शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखण्डों, नगर निकायों एवं नगर निगम में लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण किए जाने के निर्देश दिए। विशेष जनसम्पर्क एंव जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत सर्किट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद स्थापित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि जिला पंचायत, नगर निगम, पंचायती राज विभाग सुनिश्चित करें कि सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की बेहतर साफ-सफाई हो तथा इनका रख-रखाव अच्छे से हो। सड़कों के ऊपर तारों का जाल न हो। उन्होने निर्देश दिए कि खाद समितियों पर कृषकों के लिए स्वच्छ पेयजल, छाया एवं बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गये निर्देशों का अक्षरश अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, नगर आयुक्त शिपू गिरी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीएफओ शुभम सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनसभा सफल बनाने के लिए चौ.नीरपाल सिंह का जनसंपर्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने 10 जून को बड़ौत शामली में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के लिए खेल प्रकोष्ठ की टीम के साथ जनसंपर्क किया।

चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि 10 जून को हम सबके नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी शामली क्षेत्र के गांव काबड़ौत में आ रहे है।उनके विचार सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान जाट सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चौधरी, कुक्कू करोड़ी, परमेंद्र गुलीयान,अनुज प्रधान माजरा,अंकुश तोमर चौंधाहैंडी, यशपाल सिंह मुखिया नंगली, श्रवण शर्मा गोमतीपुर, देवकुमार निर्वाल शामली,हरविंदर मलिक आदमपुर, कपिल देव कंजरहेड़ी आदि साथ रहे।

# किसानों के हित में हमेशा आगे गमपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विभाग का कार्यभार संभालने के बाद से उन्होंने न केवल उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुंचाया है,बल्कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए भी हमेशा तत्परता दिखाई है।

हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान और खराब मौसम के कारण जनपद के कई क्षेत्रों में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। हजारों फलदार एवं अन्य उपयोगी पेड़ धराशायी हो गए, जिससे किसानों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ा। ऐसे समय में जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल दौरा कर नुकसान का जायजा लिया तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। यही नहीं अपितु उन्होंने किसानों को अश्वस्त करते हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने का भी पूरा भरोसा दिलाया,किसानों का कहना है कि विभागीय अधिकारी गमपाल सिंह न केवल औपचारिक निरीक्षण तक स्वयं को सीमित रखा,बल्कि विभागीय योजनाओं एवं राहत संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी देकर हम किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। यही कारण है कि किसानों के बीच उनकी एक सकारात्मक एवं संवेदनशील अधिकारी की छवि बनी है। जनपद के अनेक किसान मानते हैं कि जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह का व्यवहार सरल,सहयोगात्मक एवं किसान हितैषी रहा है। किसानों की समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने की कार्यशैली ने उन्हें किसानों के बीच विशेष पहचान दिलाई है। किसानों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से पात्र किसानों तक पहुंचता रहेगा।

# बूथ स्तर तक मजबूत बनाएं संगठन: राव कैसर

## व्यवस्था परिवर्तन दिवस के रूप में मनाई सांसद चंद्रशेखर की जीत की द्वितीय वर्षगांठ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मंडल कार्यालय पर नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद, भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर की 4 जून को प्राप्त ऐतिहासिक विजय की द्वितीय वर्षगांठ को व्यवस्था परिवर्तन दिवस के रूप में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष सचिन खुराना, नकुड़ विधानसभा के चुनाव प्रभारी राव कैसर सलीम तथा जिला प्रभारी सन्नी गौतम उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों, संगठन की मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी सामाजिक परिवर्तन, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्षरत है। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा जनहित से जुड़े आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शिक्षा, सम्मान, बराबरी और अधिकारों की लड़ाई को मजबूती प्रदान करना भी है।

कार्यक्रम में नैन प्रधान, शाहरुख मलिक, गुलशेर मलिक एवं परवीन गौतम सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया की रोशन

**गंगोह।** यूं तो मरते है रोज ही बहुत मरकर जीवन पाते है वो, करती है उनको दुनिया याद पथ प्रदर्शक बन जाते है वों...वाली उक्ति को चरितार्थ करते हुए पुत्र ने अपनी माता के मरणोपरांत नेत्र दान कर दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया को रोशनी प्रदान करने का सराहनीय कार्य किया है।

सुनील एरन ने अपनी माता 80 वर्षीय विद्या देवी के निधन उपरांत उनके नेत्र दान कर दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया को रोशनी प्रदान करने का सराहनीय कार्य किया है। सुनील एरन ने मनोज गोयल के माध्यम से दृष्टि एक प्रयास संस्था के अध्यक्ष अमित गर्ग से संपर्क कर नेत्रदान की इच्छा व्यक्त की।

## मिट्टी खनन की अनुमति न देने की मांग

**गंगोह।** ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर क्षेत्र में प्रस्तावित मिट्टी खनन की अनुमति न देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रों में खनन के दौरान 50 से 60 वर्ष पुराने आम के बाग हैं और आशंका है कि खनन के दौरान ये पेड़ उखड़ जाएंगे।

झाडवान, मोहम्मदपुर गुर्जर और रादौर गांवों के ग्रामीणोंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर क्षेत्र में प्रस्तावित मिट्टी खनन की अनुमति न देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में मिट्टी खनन की अनुमति देने से पर्यावरण और वर्षों पुराने बागों को नुकसान पहुंचेगा।

# जोन कार्यालयों पर नगर आयुक्त का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज दोपहर जोन एक, जोन दो व जोन तीन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जन्म-मृत्यु के पैंडिंग मामलों, म्यूटेशन तथा आगन्तुकों के लिए की गयी व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी ली और व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के टिप्स दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर तीनों जोन कार्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण के लिए पहुंचे। जोन एक नुमाईश कैंप में जन्म मृत्यु की पैंडिंग फाइलों के सम्बंध में पूछे जाने पर सहायक नगरायुक्त व जोन प्रभारी जे पी यादव ने बताया कि काफी फाइलें एसडीएम व सीएमओ आफिस में पैंडिंग हैं। नगरायुक्त ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए व अन्य कार्यो के लिए आये लोगों से भी बात की और व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा नगरायुक्त ने विजीटर रुम मेनटेन करने, वहां टी वी की व्यवस्था करने, शुद्ध पेयजल के लिए ऊपर लगे आर ओ को नीचे लगवाने तथा विंडो पर टीन शेड लगवाने के निर्देश दिए। जोन कार्यालय के प्रवेश द्वार को व्यवस्थित करने के लिए उन्होंन निर्माण विभाग को निर्देशित किया।

# समर क्रिकेट कैंप में टीम डी चार विकेट से जीती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित समर क्रिकेट कैंप के अंतर्गत खेली जा रही समर क्रिकेट लीग में टीम डी ने टीम ए को रोचक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट से जीत दर्ज की।

भूतेश्वर इंटर कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर चल रही लीग के मैच में टीम डी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ए ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाए। टीम ए की ओर से प्रत्यूष ने 15 रन तथा वासु ने 11 रन का योगदान दिया। टीम डी की गेंदबा. जी में विराट सैनी ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि मनन ने 1 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।113 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम डी की शुरुआत संतुलित रही। टीम ने 13.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 113 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम डी की ओर से समक्ष ने 21 रन और केशव ने 15 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।टीम ए की ओर से गेंदबाजी में प्रत्यूष ने 2 विकेट तथा अनिरुद्ध ने 1 विकेट प्राप्त किया, लेकिन वे अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके।मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रत्यूष को श्मैन ऑफ द मैचश् चुना गया। उन्होंने बल्ले से महत्वपूर्ण रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में भी दो विकेट हासिल कर शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर एकेडमी के कोच राजीव गोयल, रणधीर कपूर, भूपेंद्र कछल, संजय शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# सीनियर सिटीजन ने लगाए पौधे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी ने महादेव मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

यह कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया जिसमें मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना के उपरांत रुद्राक्ष, आम, आड़ू, लीची शाहिद अन्य के पौधे लगाए गए। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केवएलव अरोड़ा ने बताया कि संस्था की समस्त इकाइयों द्वारा दिल्ली, देहरादून, हरिद्वार, सहारनपुर में विश्व पर्यावरण दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज इसी संबंध में दिल्ली रोड स्थित पैरामाउंट ट्यूलिप में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया है तथा स्कूलों में छात्रों के लिए पर्यावरण चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अरुण प्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राम जी सुनेजा, संदीप गोयल, रमेश चंद शर्मा, सिताब सिंह छोकर, राजेंद्र भारती, ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह, गोकर्ण दत्त शर्मा, सुषमा रामपाल, अजय अरोड़ा, अशोक कुमार सड़ाना, अनिल कुमार, ठाकुर मूलचंद, सुधीर सैनी, अशोक वालिया, सुनील धमीजा आदि उपस्थित रहे।

# नए नियमों से घबराएं नहीं, ठीक से समझें: शिपू गिरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन के सम्बंध में जनपद स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शाकुंभरी सभागार में किया गया।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में नगरायुक्त शिपू गिरि ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि नया नियम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का संशोधित और उन्नत रुप है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरों और कस्बों में बढ़ते कचरे का वैज्ञानिक, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ प्रबंधन करना तथा स्वच्छ और स्वस्थ शहरी वातावरण बनाना है। नगरायुक्त ने कहा कि नये नियमों से घबराने की नहीं बल्कि उसके उद्देश्यों को ठीक से समझकर गंभीरता के साथ उन पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने निगम अधिकारियों को नियमावली 2026 का अनुपालन करने और जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने कहा कि नये नियम में सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा है। यह पूरी तरह से प्रकृति के चक्र से प्रेरित है, जिसमें कुछ भी बेकार नहीं जाता। उन्होंने कहा कि कचरे को फेंकने के बजाय उसका पुनः उपयोग पुनर्चक्रण और संसाधन पुनर्प्राप्ति करना है।

क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार ने बताया कि लैंडफिल पर निर्भरता कम करना नियमों का लक्ष्य है। उद्देश्य यह है कि अधिकतम कचरे का पुनर्चक्रण हो और कम से कम कचरा डंपिंग ग्राउंड में जाए। उन्होंने बल्क वेस्ट जनरेटर का चिह्नांकन कर ईबीडब्लूजीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराने एवं सोर्स सेग्रीगेशन व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया।

कार्यशाला में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह के अलावा विभिन्न नगर पंचायतों व नगरपालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, मण्डी समितियों के सचिव, सीपीपीआरआई तथा स्टार पेपर मिल सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चौकीदार विशेष सर्तकता बरतें: वीरेन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना फतेहपुर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी ग्राम चौकीदारों ने हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा ने सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता और भ्रमणशीलता बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रात्रि गश्त के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस वस्तु या संदिग्ध गति. विधि नजर आए, तो उसकी सूचना बिना किसी देरी के तत्काल थाने को दी जाए।

प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्राम चौकीदार ही वास्तव में पुलिस की श्आंख और कानश हैं, और ग्रामीण स्तर पर अपराध नियंत्रण में उनकी भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में नशाखोरी, जुआ और किसी भी प्रकार की अवैध गति. विधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही, ग्राम स्तर पर होने वाले छोटे-छोटे आपसी विवादों की जानकारी भी समय रहते पुलिस तक पहुंचाई जाए, ताकि समय पर हस्तक्षेप कर किसी भी बड़ी अनहोनी या हिंसक घटना को रोका जा सके।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बैठक में आए चौकीदारों की समस्याओं को भी बेहद गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण का पूरा आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने चौकीदारों का मनोबल बढ़ाते हुए घोषणा की कि क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले चौकीदारों को पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा।

## टायर फैक्ट्रीय संचालकों पर लगाए आरोप

**गंगोह।** गांव सालारपुरा में एक किसान ने पड़ोसी टायर फैक्ट्री संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान का कहना है कि फैक्ट्री संचालकों ने उसकी कृषि भूमि की बिजली आपूर्ति बाधित की है, फसल को नुकसान पहुंचाया है और उसे जान से मारने की धमकी दी है। किसान ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी है।

कोतवाली में दी गई शिकायत पत्र में किसान ने कहा है कि उसकी कृषि भूमि के पास एक टायर फैक्ट्री संचालित है। आरोप है कि पिछले आठ दिनों से फैक्ट्री संचालकों ने उसके बिजली कनेक्शन के तार कटवा दिए हैं, जिससे ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं हो पा रही है और फसल प्रभावित हो रही है।

# मेडिकल एजेंसी पर दस घंटे तक छापा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पठेड़ में नशीली दवाईयो की तस्करी का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके कारण दूर दराज तक पठेड़ गांव सुर्खीयों में आ रहा है। यहां पर आए दिन दूसरे प्रदेश की टीम आकर मैडिकल स्टोर व मेडिकल एजेंसी पर छापेमारी करती रहती है। कई नशा तस्कर को नार्कोटिस्ट टीम जेल भी भेज चुकी है।

बुधवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर कपिल शर्मा ने बरथकायस्थ पठेड स्थित एक मेडिकल एजेंसी पर लगभग दस घंटे तक छापेमारी की और एक एक दवाई चेक की। वहीं अन्य मेडिकल स्टोर स्वामी अपने अपने मेडिकल स्टोर के शटर बंद कर भाग गए। ड्रग्स अधिकारी की छापेमारी से मेडिकल स्टोर स्वामीयो में भय का माहौल बना हुआ है। ड्रग्स अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ दवाईयों के सैम्पल लिए गए हैं, जिनको टैस्ट के लिए लैब में भेजा जा रहा है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई भी मेडिकल स्टोर या एजेंसी स्वामी नशीली दवाईयां बेंचते हुए पाया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# सम्पादकीय

## अकेले पड़ते ट्रम्प

मिडिल ईस्ट में जारी घटनाक्रम में रूचि रखने वाले लोगों के लिए दिलचस्प खबर है, अमेरिकी संसद ने ईरान युद्ध से जुड़ी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास कर दिया है। मजेदार बात, तो यह है कि प्रस्ताव को कुछ रिपब्लिकन सांसदों का भी समर्थन मिला। कांग्रेस का कहना है कि लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई के लिए उसकी मंजूरी जरूरी है। इस मुद्दे पर ट्रम्प प्रशासन को बढ़ते राजनी. तिक और कानूनी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी संसद ने (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान युद्ध से जुड़ी शक्तियों को सीमित करने वाला एक प्रस्ताव पास कर दिया है। इसे ट्रम्प और उनकी ईरान नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव का समर्थन ट्रम्प की अपनी रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों ने भी किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 215 वोट पड़े, जबकि 208 सांसदों ने विरोध किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद थामस मैसी, ब्रायन फिट्जपैट्रिक, टाम बैरेट और वारेन डेविडसन ने पार्टी लाइन से हटकर डेमोक्रेट सांसदों का साथ दिया। रिपब्लिकन सांसद टाम बैरेट ने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग युद्ध की वजह से बढ़ती महंगाई और आर्थिक परेशानियों से नाराज हैं। वहीं थामस मैसी ने कहा कि लोग महंगे पेट्रोल, डीजल और खाद की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। उनके मुताबिक यह वोट दिखाता है कि जनता और संसद दोनों लंबे समय से चल रहे युद्ध से थक चुके हैं। ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने कहा कि अमेरिका में वार पावर्स एक्ट नाम का कानून है। इस कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति को युद्ध जैसे बड़े फैसलों के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर संसद में खुलकर बहस होनी चाहिए और फिर वोटिंग होनी चाहिए। यह प्रस्ताव न्यूयार्क के डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने पेश किया था। वोटिंग के बाद उन्होंने कहा कि सभी डेमोक्रेट सांसदों ने इसका समर्थन किया और कुछ रिपब्लिकन सांसदों का साथ मिलना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम संविधान के अनुसार सरकार की शक्तियों पर निगरानी रखना है। हालांकि हाउस स्पीकर माइक जानसन इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि इससे ट्रम्प प्रशासन की शांति वार्ता और कूटनीतिक प्रयास कमजोर हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान में अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और अब ट्रम्प शांति समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इस बीच पेंटागन, अमेरिकी विदेश मंत्रालय और यूएसएआईडी के इंस्पेक्टर जनरल ने ईरान युद्ध की जांच शुरू कर दी है। कानून के अनुसार 60 दिन से ज्यादा चलने वाले विदेशी सैन्य अभियानों की समीक्षा करना जरूरी होता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि अमेरिका का ईरान अभियान 28 फरवरी से चल रहा है और अब 60 दिन की सीमा पार कर चुका है। वॉर पावर्स एक्ट के मुताबिक कांग्रेस की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति 60 दिन से अधिक समय तक सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रख सकते।

## प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष





योगेश कुमार गोयल


प्रकृति का मिजाज वर्ष दर वर्ष बदल रहा है और इसी के साथ प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला भी बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैसे तो दुनियाभर में बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं। 2015 में पेरिस सम्मेलन में 197 देशों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए अपने-अपने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2030 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने का संकल्प लिया था किन्तु धरती का तापमान जिस प्रकार वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है, ऐसे में इस वास्तविकता को नहीं नकारा जा सकता कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौसम के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराए जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा जा चुका है कि दुनिया पर वैश्विक तापमान में खतरनाक वृद्धि का संकट मंडरा रहा है और यह वृद्धि 2015 में पेरिस समझौते में संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित डेढ़ डिग्री सेल्सियस का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का वर्ष 2026 का विषय 'प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।' संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था। 19 नवम्बर 1986 को भारत में 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम' लागू किया गया। हालांकि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम इस आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। दरअसल धरती का तापमान वर्ष दर वर्ष जिस प्रकार बढ़ रहा है, उसे देखते हुए वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान बढ़ने से हीटवेव, अत्यधिक वर्षा, पानी की कमी जैसी समस्याएं पूरी दुनिया में विकराल रूप ले सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान का दुष्प्रभाव अब समय-समय पर भयानक चक्रवाती तूफानों के रूप में भी देखा जाने लगा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जलवायु संकट के साथ अरब सागर में तीव्र चक्रवाती विक्षोभ का सिलसिला चलता रहेगा। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब जलवायु में हो रहे बदलावों का ही बड़ा असर है। फिलहाल न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता का विषय बना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुता. बिक अब अरब सागर अधिकाधिक अशांत होता जा रहा है और अरब सागर में चक्रवात अपेक्षाकृत असामान्य हैं। आईएमडी सहित जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता में ज्यादा वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार 1890 के दशक के बाद 2011 से 2022 के बीच अरब सागर में चक्रवातीय घटनाएं ज्यादा हुई हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है और ऐसी घटनाओं की तीव्रता बढ़ रही हैं, जिनमें अरबों-खरबों रूपए का नुकसान होता है, अनेक लोग मारे जाते हैं और ऐसी आपदाओं में लाखों लोग देखते ही देखते बेघर हो जाते हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि पृथ्वी का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि किस प्रकार पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि पृथ्वी का तापमान इसी प्रकार बढ़ता रहा और अगले तीन दशकों में पृथ्वी के तापमान में वृद्धि पांच डिग्री तक दर्ज की जाती है तो इससे एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा और एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। जहां तक पर्यावरण प्रदूषण की बात है, विश्वभर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण प्रतिवर्ष तरह-तरह की बीमारियों के कारण लोगों की मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, यहां तक कि बहुत से नवजात शिशुओं पर भी प्रदूषण के गंभीर दुष्प्रभाव अब स्पष्ट देखे जाने लगे हैं।

## श्रीमुख से...

### भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम



नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है, आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी, उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके, एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई, यह केवल एक छात्र की त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

## समझना होगा पर्यावरण का महत्व



रोहित कौशिक

इ 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस
समझना होगा पर्यावरण का महत्व
रोहित कौशिक

इस दौर में हमारा ज्ञान लगातार बढ़ रहा है। समाज में प्रगतिशीलता भी लगातार बढ़ रही है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि पर्यावरण के मामले में क्या हमारी समझ बढ़ी है ? पर्यावरण की वर्तमान स्थिति को देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि पर्यावरण के मामले में हमारी समझ बढ़ी है। पर्यावरण की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। कुछ समय पहले आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन में बताया गया था कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से लगभग आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती है। भारत में हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की लू के कारण मृत्यु हो जाती है। कई शोधों में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही मौसम का चक्र भी अनियमित हो गया है। कुछ समय पहले 'असेसमेंट ऑफ क्लाइमेट चेंज ओवर द इंडियन रीजन'नामक रिपोर्ट में भी बताया गया था कि अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो लू के थपेड़ों में तीन से चार गुना बढ़ोतरी दिखाई देगी और समुद्र का जलस्तर 30 सेंटीमीटर तक उठ सकता है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशकों में देश ने तापमान में वृद्धि और मानसून में कमी का सामना किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि इस बदलाव को मानव गतिविधियों ने प्रभावित किया है। पिछले दिनों हम सबने यह महसूस किया कि लॉकडाउन के दौरान वायु और जल प्रदूषण कम हुआ। इस दौर में हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण को सम्मान देकर ही हम पृथ्वी की रक्षा कर पाएंगे। जब हम पर्यावरण का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंच. ाता ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करता है।

पिछले दिनों इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्धआईयूसीएनत्र द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गरीब देशों में जलवायु परिवर्तन को रोकने में सरकारें विफल हो रही हैं। इसके कारण संसाधन बर्बाद हो रहे हैं। इसका असर बढ़ती हुई लैंगिक असमानता के रूप में दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे इलाकों में संसाधनों पर काबिज होने के लिए वर्ग संघर्ष जारी है। इसमें जीत पुरुषों की होती है और महिलाएं दोयम दर्जे का जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में कई तौर-तरीकों से समाज पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ रहा है। मौसम का समस्त चक्र अनियमित हो गया है। सम्पन्न लोग एसी में बैठकर पर्यावरण पर भाषण दे रहे हैं। प्रकृति और पर्यावरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं लेकिन पर्यावरण बचाने के लिए जमीन पर काम नहीं हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि हम अभी तक भी प्रकृति का महत्व नहीं समझ पाए हैं।

प्रकृति हमें एक नया सौन्दर्यबोध प्रदान करती है। धरती को सौन्दर्य प्रदान करने में प्रकृति ने अतुलनीय योगदान दिया है। पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां, झरने और पहाड़ धरती के आभूषण ही हैं। कल्पना कीजिए कि इन आभूषणों से रहित धरती हमें कैसी दिखाई देगी। यह हम सबका कर्तव्य है कि हम धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी न पड़ने दें। जब धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी पड़ती है तो धरती का ताप बढ़ने लगता है। हमें यह समझना होगा कि यह धरती सुन्दर रहेगी तो हमारा जीवन भी सुन्दर रहेगा। कभी हम प्रकृति के विभिन्न अवयवों का क्षरण कर प्रदूषण बढ़ाते हैं तो कभी जलवायु परिवर्तन के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हुए भी प्रकृति को कोसते हैं। यह दुखद ही है कि कभी धरती का बढ़ता हुआ ताप पर्यावरण को जख्म दे रहा है तो कभी हमारा व्यवहार पर्यावरण के जख्मों को कुरेद रहा है। कुल मिलाकर हम उसी प्रकृति से बेवफाई कर रहे हैं जो हमें हमेशा वफा की सीख देती है। विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से यह बात सामने आ रही है कि प्रदूषण और धरती का ताप बढ़ने के कारण सम्पूर्ण विश्व को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इन समस्याओं में सूखा, बाढ़, तापमान बढ़ना, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र का स्तर बढ़ना, अनेक जीव-जन्तुओं और पेड़-पौधों का विलुप्त होना आदि शामिल हैं। विचारणीय प्रश्न यह है कि जब हम इन प्राकृतिक समस्याओं से जूझने में व्यस्त होंगे तो प्यार के बारे में सोचने की फुर्सत किसे होगी ? हालांकि प्राचीन समय में हमने प्रकृति से कई रिश्ते जोड़े। प्रकृति के विभिन्न अवयवों को हमने अपने परिवार की तरह माना। प्रकृति के इन अवयवों को हमने ईश्वर का दर्जा भी दिया। तभी तो हम आज तक धरती को धरती माता, तुलसी को तुलसी माता, गाय को गाय माता सांप को नाग देवता, गंगा को गंगा मैया, चांद को चंदा मामा तथा सूरज को सूर्य देवता कह रहे हैं। क्यों न हम इस दौर में इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रकृति से प्यार का एक नया रिश्ता जोड़ें। जैसे एक स्त्री मां, बहन, पत्नी और बेटी- किसी भी रूप में हमारे सामने हो सकती है, उसी तरह प्रकृति भी विभिन्न रूपों में हमारे सामने हो सकती है।

## दिन-प्रतिदिन भारतीय पर्यटकों की खराब होती छवि



रजनीश कपूर

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर भारतीय पर्यटकों से जुड़ी वायरल वीडियो एक बार फिर विवादों का केंद्र बन गई हैं। गुजरात के गरबा नृत्य को विदेशी एयरपोर्टों, चीन की महान दीवार और अन्य वैश्विक स्थलों पर करते हुए दिखाए गए भारतीय पर्यटक न केवल चर्चा में हैं, बल्कि भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। सवाल है कि क्या भारतीय पर्यटक वाकई बदतमीज हैं या दुनिया हमें अनुचित रूप से स्टिरियोटाइप कर रही है? यह मुद्दा वायरल हुए सिर्फ कुछ वीडियो का नहीं, बल्कि लाखों भारतीयों के विद. ेश यात्रा के बढ़ते रुझान और सांस्कृतिक-नागरिकता की समझ का है।

भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पर्यटन स्रोत बाजार है। कोविड महामारी के बाद विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। 2025-26 में लाखों भारतीय यूरोप, अमेरिका, एशिया और मध्य पूर्व के देशों में घूम रहे हैं। लेकिन ऐसी कुछ घटनाएं पूरे राष्ट्र की प्रतिष्ठा धूमिल कर रही हैं। एयरपोर्ट पर गरबा, चीन की ग्रेट वॉल पर नाचते हुए, कतार तोड़ते हुए या शोर मचाते हुए दिखाए गए पर्यटकों के वीडियो तेजी से वायरल हो जाते हैं। इनमें से कई में संदर्भ की कमी हो सकती है, लेकिन बार-बार दोहराई जाने वाली घटनाएं एक पैटर्न बनाती दिखती हैं।

सबसे पहले, यह स्वीकार करना जरूरी है कि हर राष्ट्र के कुछ पर्यटक समस्या पैदा करते हैं। चीनी पर्यटक भी भीड़ और शोर के लिए आलोचित होते रहे हैं, अमेरिकी पर्यटक अक्सर अहंकारी माने जाते हैं। लेकिन भारतीय मामले में समस्या की गहराई अलग है। भारत में घरेलू स्तर पर ही नागरिक भावना द्धबपअपब. ेमदेमत्र की कमी एक बड़ी चुनौती है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, कतार में धक्का-मुक्की करना, सार्वजनिक स्थानों पर जोर-जोर से बात करना, दूसरों की निजता का सम्मान न करना, ये घर की वो आदतें हैं, जो विदेश ले जाई जाती हैं। जिससे भारत और भारतीयों का नाम खघ्राब होता है। कई भारतीय पर्यटक पहली बार विदेश जाते हैं। वे उत्साह में संस्कृति का प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय नियमों और माहौल को नजरअंदाज कर देते हैं। गरबा एक जीवंत त्योहार नृत्य है, लेकिन एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील स्थान पर इसे करना सुरक्षा और अनुशासन का उल्लंघन लगता है। इसी तरह, ऐतिहासिक स्मारकों पर चढ़ना, कूड़ा फेंकना या स्थानीय लोगों की असुविधा पैदा करना सांस्कृतिक असंवेदनशीलता दर्शाता है। सोशल मीडिया का प्रभाव भी कम नहीं। एक वीडियो वायरल होने पर पूरा समुदाय टारगेट हो जाता है। कुछ मामलों में नस्लवाद या पूर्वाग्रह भी काम करता है, लेकिन इसे बहाना बनाकर अपनी गलतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आंकड़ों की बात करें तो भारत से विदेश यात्रा करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले दोगुनी हो गई है। लेकिन यात्रा एजेंसियां और सरकारें पर्यटकों को पूर्व-प्रशिक्षण देने में पिछड़ रही हैं। कई ग्रुप टूर में पर्यटक एक-दूसरे को उत्साहित करते हुए सीमा लांघ जाते हैं। नतीजा, विदेशी होटल, एयरलाइंस और टूर ऑपरेटर्स भारतीयों को 'समस्या समूह' के रूप में देखने लगे हैं।

कुछ देशों में भारतीय पर्यटकों के लिए अनौपचारिक रूप से अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है। यह भारत के लिए शर्मनाक है, क्योंकि हम एक प्राचीन सभ्यता वाले देश हैं जहां अतिथि देवो भव: की परंपरा है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वायरल वीडियो संदर्भहीन हैं और भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। यह आंशिक रूप से सही भी हो सकता है, लेकिन जब भारतीय ही कमेंट करते हैं कि हमारे यहां नागरिक भावना शून्य है, तो समस्या नकारने लायक नहीं रह जाती। घर पर स्वच्छता अभियान, स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन आदि चल रहे हैं, फिर भी व्यवहार में बदलाव धीमा है। शिक्षा प्रणाली में नागरिकता और नैतिक मूल्यों पर जोर कम है। परिवारों में 'जब तक कोई पकड़ा न जाए तो जो मन आए वो करो' की मानसिकता प्रबल है। विदेश में भारतीय समुदाय अक्सर सफल, मेहनती और विविधतापूर्ण के रूप में जाना जाता है, लेकिन पर्यटन में आने वाले निचले और मध्यम वर्ग के कुछ हिस्से इस छवि को खराब कर देते हैं। यह वर्ग पहले कम यात्रा करता था, लेकिन अब सस्ती उड़ानों और पैकेज टूर के कारण इनका आंकड़ा भी बढ़ा है। उत्साह अच्छा है, लेकिन इसके साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। भारत नाम फिर से खराब न हो इसके लिए बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सरकार विदेश जाने वाले पर्यटकों के लिए अनिवार्य ऑनलाइन/ऑफलाइन वर्कशॉप शुरू करें। यात्रा एजेंसियां स्थानीय रीति-रिवाज, कानून और नियम सिखाएं। वीजा आवेदन के साथ छोटा कोर्स भी अनिवार्य किया जाए। विदेश मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय मिलकर 'जिम्मेदार भारतीय यात्री' अभियान चलाएं। सोशल मीडिया, यूट्यूब और एयरपोर्ट स्क्रीनों पर जागरूकता के वीडियो प्रसारित करें। भारतीय दूतावासों को स्थानीय शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने का अधिकार दें। स्कूलों में पर्यटन नैतिकता को समझाया जाए, जिससे कि बच्चे अपने-अपने घरों में जागरूकता फैलाएं। स्वच्छता, सम्मान और अनुशासन पर जोर दें। युवा पीढ़ी को वैश्विक नागरिक बनाने की जरूरत है। ऐसे में अच्छे व्यवहार करने वाले पर्यटकों को पुरस्कृत करें और गंभीर उल्लंघन करने वालों पर ब्लैकलिस्टिंग या पासपोर्ट प्रतिबंध जैसे कड़े कदम उठाएं। इसके साथ ही सबसे अहम भूमिका ग्रुप टूर लीडर्स की होनी चाहिए, उनको प्रशिक्षित किया जाए कि वे पर्यटकों को नियंत्रित रखें और विदेशी शहरों के प्रति संवेदनशील रहें। विदेशी पार्टनर्स के साथ फीडबैक सिस्टम बनाएं।गरबा जैसे नृत्यों को सही मंच पर प्रदर्शित करें, जैसे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फेस्टिवल आदि में। व्यक्तिगत उत्साह को अनुशासित तरीके से व्यक्त करना सिखाएं। वहीं सेलिब्रिटी और इन्फ्लुएंसर्स जिम्मेदारी से यात्रा दिखाएं। वायरल होने वाली अच्छी कहानियां, जैसे भारतीयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण या स्थानीय मदद आदि को प्रचारित करें।




**गुवाहाटी। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और प्रश्न पत्र लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और उनके समर्थक।**

## रूस ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल की: एंटोन सिलुआनोव सेंट

**पीटर्सबर्ग।** रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने गुरुवार को 'सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच' के दौरान कहा कि उनके देश ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल कर ली है और अब वह बाहरी धन या विदेशी सरकारों के फैसलों पर निर्भर नहीं है। सिलुआनोव ने आर्थिक मंच पर कहा कि दुनिया बदल रही है और हमारे सामने कई मुश्किलें भी आई हैं, इसके बावजूद वित्तीय नजरिए से मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से एक संप्रभु और मजबूत स्थिति में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस इस बात पर बिल्कुल निर्भर नहीं है कि तीसरे देश उसे धन देंगे या नहीं।

# भारत व वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे

## मोदी और रोड्रिगेज ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और व्यापार क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और वेनेजुएला ने विशेष रूप से ऊर्जा और उसके साथ-साथ, महत्वपूर्ण खिनज, व्यापार, निवेश, फार्मास्यूटिकल, स्वास्थ्य सेवा तथा ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त करते हुए द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

मोदी ने भारत यात्रा पर आई वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की। पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चित स्थिति के बीच हुई इस वार्ता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पांच दिन की यात्रा पर आई रोड्रिगेज के साथ विदेश, आर्थिक और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभागों के मंत्रियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया हुआ है। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद कहा कि दोनों के बीच बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें विशेष रूप से ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर विस्तार से बात हुई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और रोड्रिगेज ने विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा के साथ ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा और ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों का पता लगाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने तथा 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाद में विदेश मंत्रालय में सचिव ( पूर्व) रूदेन्द्र टंडन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों पक्षों के बीच ऊर्जा सहित विभिन्न विषयों पर सार्थक और अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला ने भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश भविष्य में भी पसंदीदा साझेदार बने रहेंगे।



**पीएम ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की**

टंडन ने कहा कि वेनेजुएला बदलाव के दौर से गुजर रहा है लेकिन यह संसाधनों से समृद्ध देश है और अब वहां विकास यात्रा के शुरुआती संकेत दिखाई दे रहे हैं। वेनेजुएला में केवल ऊर्जा क्षेत्रा ही नहीं बल्कि पशुपालन, परिवहन, खनन, कृषि, ऑटोमोटिव क्षेत्रा और फार्मास्यूटिकल जैसे क्षेत्रों में भी अनेक संभावनाएं हैं। टंडन ने कहा कि दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जिसका उद्देश्य उन तरीकों का पता लगाना था जिनसे भारतीय व्यापारी वेनेजुएला के बाजार में अपनी जगह बना सकें जिससे दोनों देशों के बीच नई साझेदारी हो सके। उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि बातचीत के दौरान ऊर्जा के क्षेत्रा में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में इसकी संभावनाओं का पता लगाने पर बात हुई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के पास बड़ा तेल भंडार है और भारत बड़ी मात्रा में तेल का आयात करता है। दोनों देशों के बीच खरीदार और विक्रेता के रूप में दीर्घावधि संबंधों की संभावना है।

# अमेरिका-ईरान बातचीत में आई अड़चन

## ईरान की दो टूक अरबों डॉलर की जब्त की गई उसकी धनराशि को तुरंत जारी किया जाए



**डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में ईरान के जब्त धन को तुरंत जारी करने की मांग सबसे बड़ी अड़चन बन गई है। ईरान इस बात पर जोर दे रहा है कि किसी संभावित समझौते के तहत कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले उसकी अरबों डॉलर की जब्त की गई धनराशि को तुरंत जारी किया जाए। इस मांग को मानने में ट्रम्प प्रशासन हिचकिचा रहा है।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है। खासकर ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार, परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर वह कड़ा रूख अपना रहा है। जेरूसलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरानी वार्ताकार चाहते हैं कि जैसे ही दोनों पक्ष शुरुआती सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करें, उन्हें जब्त हुए धन से 'नकद धनराशि' तुरंत मिल जाए और इसमें किसी तरह की कोई देरी नहीं होनी चाहिए। अमेरिकी अधिकारियों का रुख साफ है कि प्रतिबंधों में राहत तभी मिलेगी जब ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर कोई ठोस आश्वासन देगा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में चिंता सिर्फ दिखावे तक सीमित नहीं है। अगर धनराशि को जल्दी जारी कर दिया गया, तो इससे ईरान को एक आर्थिक सहारा मिल जाएगा, जबकि अमेरिका के हाथ से उसका सबसे ताकतवर मोलभाव का हथियार, आर्थिक दबाव, जिसे बनाने में उसने कई वर्ष लगाए हैं, वह उसके हाथ से निकल जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्रीय मध्यस्थों को साफ कर दिया है कि जब तक ईरान पहले कोई ठोस और कारगर कदम नहीं उठाता है खासकर अपनी परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर,तब तक कोई बड़ी रकम जारी नहीं की जाएगी। ट्रम्प ने अपने सलाहकारों से साफ-साफ कह दिया है कि वह ऐसे किसी भी समझौते पर दस्तखत नहीं करेंगे जो ओबामा के 2015 के समझौते जैसा हो, जिसके तहत ईरान के लिए 1.7 अरब डॉलर का फंड जारी किया गया था। रिपोर्टों के मुताबिक ईरान अब करीब 12 अरब डॉलर की मांग कर रहा है, और ट्रम्प की ऐसी कोई मंशा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सलाहकारों ने ऐसे इंतजामों पर विचार किया है, जिनके तहत कोई तीसरा देश जैसे कि कतर ईरान को फंड जारी करेगा, ताकि अमेरिका किसी भी सीधे भुगतान से दूर रहे। मध्यस्थों ने बीच का रास्ता निकालने के लिए कुछ प्रस्ताव रखे हैं, जिनमें कई अरब डॉलर का एक 'मानवीय फंड' बनाना भी शामिल है।

## ईरान के दुश्मनों ने 'हाइब्रिड युद्ध' की चालें चलीं: मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका और इजरा. इल जैसे दुश्मनों ने युद्ध के मैदान में निर्णायक हार और गहरी बेइज्जती का सामना करने के बाद ईरान के खिलाफ 'हाइब्रिड युद्ध' की रणनीति अपनाते हुए अब अपना ध्यान हमारे देश को अंदर से अस्थिर करने पर केंद्रित कर दिया है। खामनेई ने इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक इमाम खुमैनी की पुण्यतिथि की 37वीं वर्षगांठ के मौके पर गुरुवार को जारी एक संदेश में बोलते हुए घोषणा की कि ईरान के दुश्मनों को युद्ध के मैदान में 'गहरी शर्मिंदगी' झेलनी पड़ी है और अब उन्होंने उन चालों का सहारा लेना शुरू किया है जिन्हें हाईब्रिड युद्ध की चालें कही जाती हैं। उन्होंने कहा कि दुष्ट दुश्मन, सशस्त्र बलों में आपके बहादुर बेटों के साथ टकराव में हारने के बाद-अपने प्रयासों को दो लक्ष्यों पर कें. द्रित कर रहा है-लोगों के मनोबल को तोड़ना और देश के अधिकारियों के बीच गलतफहमियां पैदा करना। खामेनेई ने एक लिखित संदेश में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाला 'दमनकारी तंत्र' एक मजबूत और स्वतंत्र ईरान को स्वीकार नहीं कर सकता और उन्होंने इजराइल को उस तंत्र की एक 'सैन्य चौकी' बताया।

## जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुए हमले पर आईएईए चिंतित

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने गुरुवार को यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के पास हुए एक भारी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इन हमलों को तुरंत रोकने का आग्रह किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उन्हें जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) प्रशासन की ओर से यह जानकारी मिली है कि पास ही स्थित 'जापोरिज्जिया थर्मल पावर प्लांट' (जेटीपीपी) पर आज सुबह भारी हमला हुआ है। गौरतलब है कि इस थर्मल पावर प्लांट का स्विचयार्ड ही मुख्य परमाणु संयंत्र को बिजली की आपूर्ति करने में मदद करता है। परमाणु संयंत्र में मौजूद आईएईए की विशेषज्ञ टीम ने भी थर्मल पावर प्लांट की दिशा से हल्का धुआं निकलते देखा और वहां सैन्य गति. विधियों की आवाजें सुनीं। आईएईए ने चेतावनी दी है कि इस नए हमले ने जेडएनपीपी की एकमात्र बची हुई बाहरी बिजली लाइन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# तुर्की-सऊदी अरब ने की होर्मुज के विकल्प के रूप में रेल मार्ग पर चर्चा

**इस्तांबुल।** तुर्की और सऊदी अरब एक ऐसे रेल मार्ग को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आगे चलकर ओमान तक बढ़ाने की योजना है और जो होर्मुज जलडमरूध्य के विकल्प के रूप में काम करेगी। तुर्की के परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि यह रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में तुर्की की सीमा से सीरिया के अलेप्पो तक रेल पटरी का निर्माण करना जरूरी है। वहां से दमिश्क तक का एक हिस्सा पहले से ही बना हुआ है-जॉर्डन और सऊदी अरब की सीमा वाले हिस्से पर कोई रेलवे नहीं है, हम अभी सऊदी अरब के साथ इसके रास्ते पर चर्चा कर रहे हैं कि यह रास्ता रियाद की ओर मुड़ेगा या इसे हिजाज तक लाया जाएगा। हमारा अंतिम लक्ष्य ओमान तक रेल मार्ग बनाना है। वास्तव में, हम होर्मुज जलडमरूमध्य से बचे रहकर निकलने वाले रास्ते की बात कर रहे हैं। गौरतलब है कि सऊदी अरब के हिजाज क्षेत्र में मक्का और मदीना के बीच पहले से ही एक तेज गति वाली रेल लाइन मौजूद है। उरालोग्लू ने मार्च में कहा था कि तुर्की ऐतिहासिक हिजाज रेलवे के उस हिस्से को फिर से चालू करने के लिए दमिश्क सीरिया के साथ बातचीत कर रहा था जो कभी इन देशों को आपस में जोड़ता था।



**प्रस्तावित रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है: अब्दुलकादिर उरालोग्लू**

## यूरोप में तीन सालों में 80000 नए एचआईवी मामलों की आशंका

**ब्रुसेल्स।** यूरोप में अगले तीन वर्षों में लगभग 80,000 नए एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आने और टीबी के कारण 9,000 से अधिक मौतें होने की आशंका है। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की निदेशक पामेला रेंडी-वैगनर ने यह जानकारी दी है। गत 21 मई को ईसीडीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में यूरोप में एक दशक से ज्यादा समय में यौन संचारित संक्रमणों की सबसे ज्यादा दरें देखी गईं, जिसमें सिफलिस और गोनोरिया शामिल हैं। ईयू ऑब्जर्वर न्यूज एजेंसी ने बुधवार को रेंडी-वैगनर के हवाले से कहा कि हम यूरोप में आने वाले तीन सालों में 80,000 नए एचआईवी संक्रमण और टीबी से 9000 से ज्यादा मौतें देखेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईयू रेगुलेटर का अनुमान है कि टीबी और यौन संचारित संक्रमणों में तेजी से बढ़ोतरी होगी। साथ ही, इन बीमारियों की वजह से ईयू , आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में हर साल 59000 मौतें होती हैं। ईयू, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में अभी लगभग 800000 लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं।

## अमेरिका का रूस के साथ संबंध बनाए रखना जरूरी: रुबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यूक्रेन में जारी संघर्ष के बावजूद अमेरिका को रूस के साथ संबंध और बातचीत बनाए रखनी चाहिए। रुबियो ने संसद की विदेश मामलों की समिति की सुनवाई में कहा कि कम से कम हमें रूसियों के साथ संबंध और बातचीत जारी रखनी ही होगी।

हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने विश्वास जताया कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान होने के बाद अमेरिका-रूस संबंध अधिक दोस्ताना और संभालने में आसान हो जाएंगे। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका-यूक्रेन संघर्ष पर मध्यस्थता के प्रयासों को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। रुबियो से जब पूछा गया कि क्या मध्यस्थता में ट्रम्प प्रशासन फिर से शामिल होने के लिए तैयार है, तो उन्होंने जवाब दिया कि हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि अमे. रिका के अब तक के प्रयास 'कम फलदाई' रहे हैं।

**हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है: विदेश मंत्री**

## डीआरसी से यात्रा प्रतिबंध को हटाया जाए: टेड्रोस

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महा. निदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने कई देशों से अपील की है कि वे कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में फैली इबोला महामारी के कारण लगाए गए यात्र प्रतिबंधों को हटाएं।

# इजरायल-लेबनान सशर्त संघर्ष विराम पर सहमत

## वॉशिंगटन डीसी में हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया

**वाशिंगटन।** इजरायल और लेबनान अमे. रिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। अल जजीरा के रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने हालांकि स्पष्ट किया है कि इस शांति समझौते का भविष्य पूरी तरह से 'हिजबुल्ला के हमलों को पूर्णतः बंद करने' और दक्षिणी लेबनान से अपने लड़ाकों को हटाने पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन डीसी में बुधवार को हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया था।

आधिकारिक तौर पर आपस में कोई राजनयिक संबंध न रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों ने इस बैठक में सीमावर्ती इलाकों में कुछ सुरक्षित क्षेत्र (पायलट जोन) बनाने पर भी सहमति जताई। इन विशेष क्षेत्रें में किसी भी गैर-सरकारी हथियारबंद संगठन या बाहरी तत्व के प्रवेश पर पूरी तरह रोक होगी और पूरे क्षेत्र का नियंत्रण विशेष रूप से लेबनान की सरकारी सेना के हाथों में सौंप दिया जाएगा। यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब बुधवार को दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही। हिजबुल्लाह ने जहां इजरायली सैनिकों को निशाना बनाकर हमले किए, वहीं इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में की गई बमबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस शांति समझौते की घोषणा के कुछ ही समय बाद उत्तरी इजरायल में संभावित हवाई हमले के सायरन भी सुने गए, जिससे स्थिति की संवेदनशीलता साफ दिखाई देती है। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता कोई नया संघर्ष विराम नहीं है, बल्कि मई महीने में तय हुए 45 दिनों के पुराने संघर्ष विराम विस्तार को ही आगे बढ़ाने और उसका सम्मान करने की एक साझा प्रतिबद्धता है। युद्धरत पक्ष हिजबुल्लाह के इस वार्ता की मेज पर मौजूद न होने के कारण जमीन पर इस समझौते के पूरी तरह अमल में आने को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हलकों में अभी भी कई तरह की आशंकाएं और सवाल बने हुए हैं। दोनों पक्ष इस अस्थाई व्यवस्था को एक स्थाई और 'व्यापक समझौते' का रूप देने के उद्देश्य से आगामी 22 जून और उसके बाद एक बार फिर उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। दूसरी ओर, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को एक कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि सीजफायर के ऐलान के बावजूद इजरायली सेना फिलहाल लेबनान में अपनी सैन्य कार्रवाइयां बंद नहीं करेगी और न ही वह वहां से पीछे हटेगी।



**यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही**













